## ब्रीफ खबरें

### धनबाद से कोयम्बतूर के लिए स्पेशल ट्रेन सितंबर में

**धनबाद।** आगामी पर्व और यात्रियों की अधिकतम भीड़ को देखते हुए धनबाद से कोयम्बतूर के लिए स्पेशल ट्रेन का परिचालन होगा. इस ट्रेन का ठहराव कोडरमा, गया, प्रयागराज, विजयवाड़ा के रास्ते जाएगी. रेलवे द्वारा जारी सूची के अनुसार ट्रेन नंबर 03325/03326 धनबाद से कोयम्बतूर स्पेशल ट्रेन चार सितंबर से एक जनवरी 2025 तक हर बुधवार को कोयम्बतूर से वहीं सात सितंबर से चार जनवरी 2025 तक हर शनिवार को परिचालित किया जाएगा.

### नीरज हत्याकांड : रिंकू सिंह पर जारी वारंट की तामिला रिपोर्ट तलब

**धनबाद।** पूर्व डिप्टी मेयर नीरज सिंह सहित चार लोगों की हत्या में शूटर सप्लाई करने के आरोपी मुन्ना बजरंगी का खास रिंकू सिंह उर्फ विकास सिंह उर्फ धर्मेन्द्र सिंह को अदालत ने गिरफ्तार करने के लिए जारी किए गए वारंट पर सहायक लोक अभियोजक उमेश दीक्षित के निवेदन पर पुलिस से तामिला रिपोर्ट तलब की है.रिंकू सिंह जमानत पर जेल से 23 जनवरी 2023 को बाहर निकला था. जमानत मिलने के बाद से रिंकू सिंह लगातार अदालत के निर्धारित तारीखों पर हाजिर नहीं हो रहा था. इस कारण अदालत ने 21 दिसंबर 23 रिंकू सिंह का बंध पत्र खारिज करते हुए उसे गिरफ्तार करने का आदेश दिया था.

### 260 सेक्टर पुलिस पदाधिकारियों की नियुक्ति

**धनबाद।** विधानसभा चुनाव 2024 को निष्पक्ष और शांतिपूर्ण तरीके से संपन्न कराने के उद्देश्य से धनबाद पुलिस द्वारा बुधवार को न्यू टाउन हॉल में ट्रेनिंग शेसन का आयोजन किया गया जिसमें पुलिस अधीक्षक ग्रामीण कपील चौधरी व पुलिस उपाधीक्षक मुख्यालय 2 संदीप गुप्ता समेत कई सेक्टर पुलिस पदाधिकारी मौजूद थे. ग्रामीण एसपी की अध्यक्षता में अयोजित इस कार्यशाला में आसन्न विधानसभा चुनाव 2024 को निष्पक्ष और शांतिपूर्ण तरीके से संपन्न कराने के लिए आवश्यक दिशा निर्देश दिए गए. धनबाद के सभी मतदान केंद्रों के लिए कुल 260 सेक्टर पुलिस पदाधिकारियों की नियुक्ति की गई है. कार्यशाला के दौरान ग्रामीण पुलिस अधीक्षक महोदय के द्वारा आगामी विधानसभा चुनाव को भयमुक्त, शांतिपूर्ण तथा सुरक्षित माहौल में सम्पन्न कराने के लिए विभिन्न बिन्दुओं यथा विधि-व्यवस्था संधारण, चुनाव के दौरान अपराध कारित के रोकथाम, उग्रवाद प्रभावित क्षेत्रों में प्रभावी अभियान को लेकर रणनीति पर विस्तार पूर्वक चर्चा की गई.

### डीएवी महुदा में चलाया गया तंबाकू नियंत्रण जागरूकता कार्यक्रम

**महुदा।** डीएवी पब्लिक स्कूल महुदा में बुधवार को तंबाकू नियंत्रण जागरूकता कार्यक्रम चलाया गया. जिला तंबाकू नियंत्रण कोषांग धनबाद के शुभंकर मुखर्जी एवं विद्यालय के प्राचार्य आशीष कुमार मंडल ने छात्र-छात्राओं को तंबाकू के सेवन से होने वाले नुकसान के बारे में बताया. शुभंकर मुखर्जी ने तंबाकू के उत्पादन, इसकी संरचना और इसके सेवन से होने वाली हानि के बारे में बताया. उन्होंने कोटपा अधिनियम 2003 पर प्रकाश डाला. प्राचार्य आशीष कुमार मंडल ने बच्चों से आग्रह किया कि वे किसी भी तरह के नशे का सेवन से बचें.

# झरिया-सिंदरी मुख्य मार्ग पर बने गोफ की भराई

संवाददाता । धनबाद




मंगलवार की रात झरिया- सिंदरी मुख्य मार्ग बनियाहिर के समीप बने गोफ की बीसीसीएल प्रबंधन ने बुधवार को भराई करा दी है. गोफ से भारी गैस रिसाव हो रहा था.जिससे स्थानीय लोगों में दहशत का माहौल था.बुधवार को उक्त स्थल का जायजा राजापुर कोलियरी के मैनेजर अनिल कुमार ने लिया और फिर कुछ देर बाद लोदना कोलियरी के मैनेजर शांतनु सेन पहुंचे और जेसीबी मशीन से गोफ के चारों ओर खुदाई की गई. फिर उसमें मिट्टी भरकर गोफ की भराई करवा दी. इस दौरान स्थानीय लोगों में बीसीसीएल और जनप्रतिनिधियों के प्रति काफी आक्रोश दिखा.स्थानीय लोगों का कहना है की गोफ स्थल से कुछ ही दूरी पर अग्निप्रभावित क्षेत्र है. जहां आउटसोर्सिंग प्रबंधन द्वारा ओबी डंप किया जा रहा है.ओबी डंप के कारण उस जगह की जमीन पूरी तरह से पैक हो गई और दूसरी तरफ गोफ बनना शुरू हो गया है. अगर समय रहते यहां बालू से उक्त स्थल की भराई नहीं की गई तो कभी भी कोई बड़ी हादसा हो सकता है. क्योंकि उक्त स्थल पर घनी आबादी है. लोदना कोलियरी के मैनेजर शांतनु सेन ने कहा कि फिलहाल मिट्टी डाल कर गोफ की भराई की गई है. ताकि कोई दिक्कत न हो. उन्होंने कहा कि उक्त स्थल पर गोफ जैसी घटनाएं क्यों हो रही है इस पर विचार किया जा रहा है. बहुत पहले अंडरग्राउंड खदान चला हुआ है. वर्तमान में यह इलाका किस स्थिति में है, शिमलाबहाल और लोदना एरिया का प्लान देखकर आगे की कार्रवाई की जाएगी.

### विस्थापित परिवारों के लिए दो दिवसीय शिविर

**धनबाद ।** उपायुक्त सह जिला दंडाधिकारी माधवी मिश्रा के निर्देशानुसार झरिया पुनर्वास एवं विकास प्राधिकार, धनबाद के सौजन्य से बेलगड़िया आवासीय कॉलोनी में रह रहे विस्थापित परिवारों को सरकार के विभिन्न विभागों द्वारा संचालित योजनाओं से लाभान्वित करने के लिए दो दिवसीय शिविर का आयोजन किया गया. शिविर में स्वास्थ्य विभाग, धनबाद द्वारा आयुष्मान कार्ड, प्रधानमंत्री जन औषधि योजना एवं अन्य स्वास्थ्य योजनाओं का लाभ लाभुकों को पहुंचाया गया. जिला आपूर्ति विभाग द्वारा राशन कार्ड से संबंधित योजनाओं का लाभ पहुंचाया गया.

इसके अलावा जिला समाज कल्याण विभाग द्वारा पेंशन योजना (वृद्धा पेंशन, विधवा पेंशन एवं पारिवारिक पेंशन) अन्य संबंधित योजनाएँ एव छात्रवृति योजना का लाभ योग्य लाभुकों को पहुँचाया गया.

# एनफोर्समेंट एजेंसियां चलाएं सघन जांच अभियान : डीसी



संवाददाता । धनबाद

आगामी विधानसभा चुनाव को निष्पक्ष और शांतिपूर्ण तरीके से संपन्न कराने को लेकर उपायुक्त सह जिला दंडाधिकारी माधवी मिश्रा ने बुधवार को अपने कार्यालय कक्ष में सभी एनफोर्समेंट एजेंसियों के साथ बैठक की.जिसमें उन्होंने उत्पाद, सीआइएसएफ, रेलवे, इनकम टैक्स, पुलिस सहित अन्य एनफोर्समेंट एजेंसियों को आपस में समन्वय स्थापित कर, विशेष सतर्कता बरतते हुए सघन जांच अभियान चलाने को कहा. वहीं उन्होंने धनबाद - बोकारो (इंटर डिस्ट्रिक्ट) तथा मैथन बोर्डर (इंटर स्टेट) पर कड़ाई से जांच करने, सभी बैंक को अप्रत्याशित कैश डिपोजिट और कैश विथड्रावल करने वाले खाता धारकों पर कड़ी नजर रखने तथा उत्पाद विभाग को अवैध शराब कारोबारियों के विरुद्ध अभियान चलाने का भी निर्देश दिया.बैठक में वन प्रमंडल पदाधिकारी विकास पालीवाल, ग्रामीण एसपी कपिल चौधरी, वरीय उप निर्वाचन पदाधिकारी प्रदीप शुक्ला, डीएसपी हेडक्वार्टर 2 संदीप गुप्ता, डीएसपी हेडक्वार्टर-1 सुमित कुमार, इनकम टैक्स से इंद्रजीत रविदास, उत्पाद विभाग से रामलीला रवानी के अलावा सीआईएसफ, बैंक सहित अन्य एनफोर्समेंट एजेंसी के प्रतिनिधि मौजूद थे.

## रेलवे की पटरी का स्लैब चेंज कार्य के दौरान मजदूरों के जान से खिलवाड़

# 6 ठेकाकर्मियों की मौत के बावजूद रेलवे लापरवाह

**खास बातें**

- मजदूर बिना जूता हेलमेट व ग्लब्स के कार्य में लगे रहे

संवाददाता । कतरास



छह ठेकाकर्मी की मौत के बावजूद भी रेल प्रबंधन सबक नहीं ले रहा है.बुधवार को गोमो धनबाद रेल खंड के तेतुलमारी स्टेशन से लेकर निचिपुर स्टेशन में ट्रैक लगाने के दौरान मजदूरों के जान से खिलवाड़ करने नजारा देखने को मिला. कार्य के दौरान मजदूर बिना सुरक्षा उपक्रम के ही कार्य में लगे रहे. कार्य में लगे अधिकांश मजदूरों को जूता टोपी व ग्लव्स उपलब्ध नहीं कराया गया था. मजदूर बिना टोपी, ग्लब्स के ही कार्य कर रहे थे. आश्चर्य की बात है कि मजदूर चलते टीआरटी मशीन के बीचोंबीच घुस कर बीना सुरक्षा उपक्रम के काम कर रहे थे. उनके माथे में ना तो हेलमेट थी. ना ही हाथों में ग्लब्स, साथ ही रेलवे ट्रेक के भारी भरकम स्लेब को लगाने वाले अधिकांश मजदूरों ने चप्पल पहन रखा था. उनके भी माथे हेलमेट नहीं था. विडंबना ये कि कार्य के दौरान रेलवे के विभिन्न विभागों के अधिकारी वहां जायजा लेने पहुंचे. कई अधिकारियों ने ऑफ कैमरा सुरक्षा में कमी होने की बात स्वीकार की. हालांकि कैमरा में बोलने से अधिकारी साफ इनकार करते रहे. उल्लेखनीय है कि पूर्व में इसी कार्यस्थल पर बिना सुरक्षा उपकरण के कार्य कर रहे छह ठेकाकर्मी की मौत हुई थी.मामले को लेकर जब एडीएन शुभम पटेल से सवाल किया गया कि मजदूरों के सुरक्षा का ख्याल नहीं रखा जा रहा है. जिससे बड़ी घटना हो सकती है तो सवाल सुनते ही उन्होंने चुप्पी साध ली.

**जलकर राख हो गए थे मजदूर :** घोर लापरवाही के कारण गोमो-धनबाद रेलखंड के झारखोर फाटक नंबर सात के निकट 29 मई 2023 को रेलवे के छह ठेकाकर्मी 25 हजार वोल्ट बिजली की करंट की चपेट में आने से जिंदा धू-धू कर जलकर काल के गाल में समा गए थे. जबकि दो मजदूरों ने भाग कर अपनी जान बचाई थी. वहीं स्थानीय एक युवती को भी आंशिक रूप से चोटें आई है. छह मजदूरों को जिन्दा धु-धुकर जलने का दृश्य यादगार लोगों की रोंगटे खड़े हो जाती है. इलाहाबाद के सुरेश मिस्त्री लातेहार मुराईकला के संजय भूईयां , संजय राय के अलावे पलामू के गोविंद सिंह तथा श्याम देव सिंह शामिल थे. घटना के बाद तीन शव मिट्टी में दबे होने के कारण घंटों मशक्कत के बाद शवों मिट्टी से बाहर निकल निकाला गया था. कार्य को लेकर रेलवे ने तीन घंटे तक लिया ब्लॉकः तेतुलमारी स्टेशन से निचितपुर स्टेशन तक रेल पटरी का स्लैब चेंज करने का कार्य को लेकर रेलवे द्वारा लगभग तीन घंटे तब ब्लॉक लिया गया. इस दौरान अप लाइन को पूरी तरह बंद रखा गया. जबकि डाउन लाइन में आवागमन सुचारू था. रेल लाइन में हो रहे कार्य को लेकर सुबह 10 बजे से ही झारखोर में फाटक नंबर 7 को बंद कर दिया गया था, जिससे यहां से होकर आने जाने वाले लोगों को काफी कठिनाईयों का सामना करना पड़ा. दोपहर लगभग 1.55 से 4.55 तक तीन घंटे तक रेलवे द्वारा ब्लॉक लिया गया. इसके बाद रेलवे लाइन के स्लीपर को चेंज करने का काम शुरू हुआ. जिसको लेकर पहले प्राइवेट मजदूरों के द्वारा रेल लाइन की पटरी पर लगे लॉक व फाटक के पास लगे पत्थर को हटाया गया1 रेलवे के निरीक्षण वेन के पार होने के बाद रेलवे लाइन के नीचे स्लीपर बदलने के लिए टीआरटी मशीन को मंगाया गया.

# रिकवरी एजेंट की गुंडागर्दी, बीटेक छात्र को पीटकर छीनी बाइक

## पुलिस ने झाड़ा पल्ला, कहा पहले लोन की किस्त जमा कीजिए



संवाददाता । धनबाद

जिले में इन दिनों बाइक रिकवरी के नाम पर बीच सड़क पर गुंडागर्दी आम बात हो गई है. गुंडागर्दी करने वाले बाहर के लोग नहीं होकर रिकवरी एजेंट ही होते हैं. पुलिस भी इस मामले में कार्रवाई नहीं करती. इस वजह से रिकवरी एजेंट का मनोबल सातवें आसमान पर है. जबकि बाइक रिकवरी के लिए कई नियम है, जिसके दायरे में ही रिकवरी एजेंट को काम करना है, लेकिन ये रिकवरी एजेंट नियम का पालन नहीं करते. ताजा मामला झरिया थाना क्षेत्र के दुःखहरनी मंदिर का है, जहां बीटेक में पढ़ाई कर रहे छात्र चिरंजीव मंडल से बजाज फाइनेंस के रिकवरी एजेंट प्रभात सिंह एवं उनके गुर्गों ने मारपीट कर पल्सर बाइक (जेएच 10 सीआर 4284) छीन ली. भुक्तभोगी छात्र के अनुसार वह अपने मित्र से मिलने झरिया बाइक लेकर गए थे. वापसी के दौरान दुःखहरनी मंदिर के पास प्रभात सिंह एवं उनके गुर्गे ने बाइक को ओवरटेक कर रोक लिया और मारपीट कर बाइक छीन ली. गुर्गों ने इसके पीछे वजह बाइक की किस्त नहीं चुकाना बताया. जबकि चिरंजीव के अनुसार मेरे पास बाइक की सिर्फ एक ही किस्त बाकी है. बाकी सभी किस्त जमा कर चुका हूं. रिकवरी एजेंट ने किस्त चुकाने के नाम पर मेरे साथ गुंडागर्दी की है. बाइक छीनने वालों में प्रभात सिंह, संतोष कुमार सिंह और दो अन्य लोग शामिल थे. भुक्तभोगी ने बताया कि नियम के तहत तीन इएमआई जमा नहीं देने पर कंपनी पहले नोटिस भेजती है. नोटिस का जवाब नहीं देने पर पुलिस के सहयोग से बाइक रिकवर की जाती है. प्रभात सिंह ने नियम का पालन नहीं कर मेरे साथ ज्यादती की. इतना ही नहीं जाते-जाते प्रभात सिंह ने 10 हज़ार रुपए की भी मांग की. भुक्तभोगी ने मामले की शिकायत झरिया थाना में दर्ज कराई है. पुलिस सहयोग करने के बजाए सीधे किस्त चुकाने की धमकी दी. साथ ही यह भी कहा कि मामला आप दोनों के बीच है.

### तेतुलमारी में चोरों का आतंक, सेंधमारी कर 30 हजार रुपए, मोबाइल ले भागे

तेतुलमारी में चोरों का आतंक बढ़ गया है. चोरों ने मंगलवार की देर रात शक्ति चौक के समीप सड़क किनारे स्थित अरुण रवानी के बंद आवास के दरवाजे की कुंडी तोड़कर घर में प्रवेश किया. घर में कुछ नहीं मिलने पर बगल के आवास के बाहर खड़ी स्विफ्ट डिजायर कार का अगला शीशा फोड़ दिया. वहीं, पास के ही उपेंद्र कुमार के घर के पीछे की दीवार में सेंधमारी कर चोर अंदर घुसे और घर में रखा नकद करीब 30 हजार रुपए, मोबाइल फोन व अन्य कीमती सामान लेकर फरार हो गए. उपेंद्र कुमार ने बताया कि वह परिवार के सदस्यों के साथ दूसरे कमरे सोए हुए थे. सुबह नींद खुलने पर घटना की जानकारी हुई. खबर पाकर तेतुलमारी थाने की पेट्रोलिंग पार्टी घटनास्थल पर पहुंची और लोगों से घटना की जानकारी ली. स्विफ्ट डिजायर के मालिक सौरभ रवानी ने तेतुलमारी थाना में आवेदन देकर उनकी गाड़ी में तोड़फोड़ करने की शिकायत की है. आसपास के लोगों का कहना है कि दो माह में मुहल्ले में चोरी की कई घटनाएं घट चुकी हैं.

# वैन चालक के खिलाफ अश्लील हरकत का आरोप

## चार साल की बच्ची की मां ने भूली ओपी में की शिकायत


- जांच में जुटी पुलिस

संवाददाता । धनबाद

वासेपुर-भूली के स्कूल के वैन चालक पर चार वर्षीय बच्ची के यौन उत्पीड़न का आरोप लगा है. शिकायतकर्ता बच्ची की मां ने भूली ओपी प्रभारी को एक लिखित शिकायत पत्र सौंपते हुए यह आरोप लगाया कि उनके चार वर्षीय बच्ची के साथ स्कूल वैन के चालक ने पिछले शुक्रवार, 23 अगस्त 2024 को अनुचित और अश्लील व्यवहार किया.लिखित शिकायत में कहा गया है कि उनकी बच्ची ने घर लौटकर बताया कि चालक ने उसके प्राइवेट पार्ट को छुआ और गलत हरकत की. घटना की सूचना मिलने पर, मौके पर मौजूद स्कूल संचालक और प्रिंसिपल पहले मामले को ठंडे बस्ते में डालते हुए टालमटोल करने का खूब प्रयास किया मगर अभिभावक के आक्रोशित तेवर देखने के बाद स्कूल ने लिखित शिकायत देने को कहा. शिकायत में कहा है कि इस घटना ने उनकी बच्ची की मानसिक स्थिति को गंभीर रूप से प्रभावित किया है और उनके परिवार के लिए यह अत्यंत चिंताजनक है. उन्होंने थाना प्रभारी से मामले की त्वरित और प्रभावी जांच की मांग की है. दोषी चालक के खिलाफ कानूनी कार्रवाई की अपील की है. पुलिस ने आरोपी को स्कूल से गिरफ्तार कर जांच शुरू कर दी है और उचित कार्रवाई करने की बात कही. इस घटना ने स्कूल वैन सेवाओं में सुरक्षा मानकों पर कई सवाल खड़े कर दिये हैं. गौरतलब है की वासेपुर के उक्त स्कूल में यह पहला मामला नहीं है.

# कोयला लदा पिकअप वैन जब्त

संवाददाता । धनसार



धनसार थाना क्षेत्र हल्दीपट्टी श्रीरामनगर में मंगलवार की देर रात धनबाद डीएसपी ने छापेमारी कर पांच टन कोयला लदे डब्ल्यूबी25k-5730 नंबर के एक पिकअप वैन पकड़ा है. छापेमारी के दौरान धंधेबाज विकास कुमार, अनिल और राधेश्याम भागने मे सफल रहा.जबकि पुलिस ने वाहन चालक सैदूल इस्लाम को मौके से धर दबोचा. सैदूल बंगाल के 24 परगना के रहने वाला बताया जा रहा है. पकड़े गए वाहन व चालक को धनसार पुलिस को सुपूर्द कर दिया. बताया जाता है कि धनसार थाना के एक चालक की मिलीभगत से हल्दीपट्टी,तुरिया पट्टी व बेरा में पिकअप वैन से बड़े पैमाने पर कोयला चोरी हो रही थी. इसकी सूचना मिलने पर डीएसपी ने छापेमारी कर कोयला लदा पिकअप वैन पकड़ लिया. इस संबंध में धनसार थाना प्रभारी मनोज कुमार पांडे ने कहा कि पकड़े गए चालक और गाड़ी मालिक के खिलाफ मामला दर्ज किया जा रहा है. बता दें कि श्रीरामनगर के दर्जनों कोयला चोर विकास साव की अगुवाई में हाइवा से बड़े पैमाने पर कोयला चोरी करते हैं. इसके बाद उस कोयला को श्रीरामनगर हल्दीपट्टी में जमा कर रात में वाहन में लोड कर बंगाल में खपा दिया जाता है. इस धंधे का सरगना राधेश्याम है. जो यहां के अलावा बेरा व तुरिया पट्टी से अवैध कोयले का धंधा कर रहा है. इस क्षेत्र में बस्ताकोला ओसीपी डंप के अलावा हाइवा से कोयला उतारते हैं.इस वर्ष के 5 व 29 फरवरी को हाइवा से कोयला उतारने से रोकने पर चोरों ने सीआईएसएफ गश्ती दल पर पथराव कर दिया था. जहां महिला आरक्षी पूनम एक्का का सिर फट गया था. इसके अलावा सीआईएसएफ गश्ती दल वाहन को भी क्षतिग्रस्त कर दिया था. पूनम एक्का की लिखित शिकायत पर धनसार पुलिस ने विकास साव, अनिल रवानी, अखिलेश यादव, मिथिलेश पासवान सहित अन्य के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज हुई थी. पुलिस को इसकी तलाश है.जबकि विकास श्रीरामनगर में के आवास में छिपे होने की बात कही जा रही है. लेकिन इसे पुलिस का इसे खौफ नहीं है. इसके बाद भी धंधेबाज विकास व राधेश्याम के संरक्षण में यहां कोयला चोरी धड़ल्ले से किया जा रहा है.

### भाजपा गोमो मंडल की बैठक

**गोमो।** झारखंड में आगामी होने वाले विधानसभा चुनाव को बुधवार को भारतीय जनता पार्टी के गोमो मंडल की महत्वपूर्ण बैठक अथिति पैलेस गोमो में आयोजित. बैठक में आगामी टुंडी विधानसभा चुनाव को लेकर गोमोह मंडल के 11 पंचायतों के लिए रणनीति तैयार किया. बैठक में उपस्थित प्रदेश कार्यसमिति सदस्य सह टुंडी विधानसभा चुनाव प्रभारी रमेश कुमार राही ने कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए कहा कि सभी कार्यकर्ता बूथ स्तर पर मजबूती से कार्य करने की जरुरत है.

### बीसीसीएल : प्रतिदिन उत्पादन रिपोर्ट

| एरिया | | कोल | ट्रांसपोर्ट |
|---|---|---|---|
| बरोरा | - | 12,508 टन | 10,479 टन |
| ब्लॉक-2 | - | 12,000 " | 11,942 " |
| गोविंदपुर | - | 1,222 " | 3,180 " |
| कतरास | - | 4,670 " | 4,350 " |
| सिजुआ | - | 2,810 " | 2,711 " |
| कुसुंडा | - | 8,800 " | 6,071 " |
| पंजाब | - | 378 " | 0 " |
| बस्ताकोला | - | 4,414 " | 6,820 " |
| लोदना | - | 7,515 " | 7,538 " |
| ईजे | - | 6,804 " | 8,80 " |
| सीवी | - | 1,120 " | 0 " |
| डब्ल्यू जे | - | 505 " | 0 " |
| कुल | | 62,746 | 53,971 |

## 142 आवेदक हुए चयनित , 431 आवेदकों को किया गया शॉर्ट-लिस्ट

# दत्तोपंत ठेंगड़ी रोजगार मेला में पहुंचे 1500 बेरोजगार

संवाददाता । धनबाद




नियोजनालय, सिंदरी (धनबाद) द्वारा आफिसर्स क्लब, रोहड़ाबाँध, सिंदरी में दत्तोपंत ठेंगड़ी रोजगार मेला का आयोजन किया गया. इस आयोजन में भूपेंद्र प्रसाद राउत एसडीपीओ सिंदरी उपस्थित हुए. जिनका स्वागत नियोजन पदाधिकारी धनबाद आनन्द कुमार के द्वारा पौधा दे कर किया गया.इसके बाद भूपेंद्र प्रसाद राउत, विनोद कुमार एवं आनंद कुमार के द्वारा संयुक्त रूप से दीप प्रज्ज्वलित करते हुए दत्तोपंत ठेंगड़ी रोजगार मेला का शुभारंभ किया गया.आनंद कुमार नियोजन पदाधिकारी धनबाद द्वारा स्वागत भाषण दिया गया एवं नियोजनालय में उपलब्ध सुविधाओं के संबंध में आगंतुक, बेरोजगार आवेदक/आवेदिकाओं तथा उपस्थित नियोजकों को विस्तार से अवगत कराया. उन्होंने कहा कि झारखण्ड राज्य के निजी क्षेत्र में स्थानीय उम्मीदवारों का नियोजन अधिनियम 2021 एवं नियमावली 2022 के सफल क्रियान्वयन से स्थानीय लोगों को स्थानीय रोजगार से जोड़ने का प्रयास किया जा रहा है. रोजगार मेला में उपस्थित नियोजकों को भी निर्देशित किया कि स्थानीय नियोजन नीति के तहत नियम एवं नियमावली का दृढ़ता से पालन करें. भूपेंद्र प्रसाद राउत ने अपने भाषण में बेरोजगार आवेदक-आवेदिकाओं को रोजगार पाने के लिए प्रेरित किया तथा साइबर क्राइम के बारे में जानकारी दी एवं उससे बचाव के लिए अवगत कराया. आज के रोजगार मेला में विभिन्न नियोक्ताओं द्वारा लगाये गये स्टॉल का पदाधिकारियों ने भ्रमण कर विभिन्न रिक्तियों, सेवा शर्तों के बारे में विस्तार से जानकारी प्राप्त की तथा कुछेक आवेदकों की चयन के पश्चात नियुक्ति पत्र का वितरण किया गया.अंत में नियोजन पदाधिकारी, धनबाद द्वारा धन्यवाद ज्ञापन करते हुए मेला की समाप्ति की गई. रोजगार मेला में 23 नियोजकों ने अपनी उपस्थिती दर्ज कराई तथा लगभग -1500 आवेदक/ आवेदिकाओं ने भाग लिया. जिसमें विभिन्न नियोजकों द्वारा कुल – 142 आवेदकों को चयनित किया गया तथा 431 आवेदकों को शॉर्ट-लिस्ट किया गया.दत्तोपंत ठेंगड़ी रोजगार मेला में आनन्द कुमार, नियोजन पदाधिकारी, धनबाद, विनोद कुमार, धनबाद नियोजन पदाधिकारी कुमारधुबी, जय प्रकाश गुप्ता, सूरज कुमार, प्रशान्त गोयल, विवेक कुमार साव, संजय कुमार साव, अमित कुमार, राज शेखर कुमार एवं कार्यालय के सभी कर्मचारी उपस्थित थे.

# मांगों को लेकर पंचायत प्रतिनिधियों ने दिया धरना



संवाददाता । मैथन

पांच सूत्री मांगों को लेकर पंचायत प्रतिनिधियों ने बुधवार को निरसा प्रखंड सह अंचल कार्यालय में एक दिवसीय धरना दिया. इस दौरान राज्य सरकार के खिलाफ जमकर नारेबाजी की गई. मांगों में अन्य राज्यों के मुकाबले झारखंड में पंचायत प्रतिनिधियों को कम मानदेय देना, मंईयां सम्मान योजना से पंचायत प्रतिनिधियों को वंचित रखना, अबुआ आवास योजना से जनप्रतिनिधियों को वंचित रखना समेत अन्य मांगें शामिल हैं. धरना का नेतृत्व कर रहे निरसा उत्तर पंचायत के मुखिया दिनेश सिंह ने कहा कि सरकार हमारी मांगें पूरा करे. मांगें नहीं माने जाने पर प्रखंड क्षेत्र के सभी पंचायतों में विकास कार्य ठप कर दिया जाएगा.






चूल्हा चौकी, नावाडीह (असर्फी अस्पताल के समीप, धनबाद)

राज्यभर की खबरों के लिए स्कैन करें

# शुभम संदेश

एक राज्य - एक अखबार




www.lagatar.in | धनबाद, गुरुवार 29 अगस्त 2024 भाद्रपद कृष्ण पक्ष 11 संवत 2081 ● पृष्ठ : 12, मूल्य : ₹ 6 ● वर्ष : 2, अंक : 141 | आमंत्रण मूल्य : ₹ 3 मात्र

# कामयाबी की फलक पर झारखंड के तीन सितारों ने बिखेरी चमक

रजतनाथ / सतीश गोस्वामी।

**कोल राजधानी धनबाद व इस्पात नगरी बोकारो की प्रतिभाओं ने अलग-अलग मंचों में न सिर्फ अपना बल्कि इलाके का नाम रोशन किया है. खेल, शिक्षा और सेवा के क्षेत्र में यह कामयाबियां मिलीं हैं. बोकारो की शिक्षिका को राष्ट्रपति उनकी सेवा का सम्मान देंगी, तो बोकारो डीपीएस के प्राचार्य ने विदेशी धरती पेरिस में नाम कमाया है. इनोवेटर एजुकेटर पर कई बड़े और विकसिल देशों को पछाड़ा है. इसके अलावा खेल में धनबाद की बेटी ने पंजाब के प्रसिद्ध खेल गतका में परचम फहराया है. झारखंड की तरफ से खेलते हुए कई राज्यों को पराजित कर सिल्वर मेडल जीता है. इनकी कामयाबी से ना सिर्फ परिवार बल्कि आस-पड़ोस के लोग भी बधाई दे रहे हैं. तो चलिए करते हैं, मुलाकात अपनी इन प्रतिभाओं से.**

## शिक्षिका डा. आशा रानी को मिलेगा राष्ट्रीय शिक्षक पुरस्कार

- पांच सितंबर को राष्ट्रपति के हाथों होंगी पुरस्कृत



**बोकारो।** बोकारो जिले के प्लस टू उच्च विद्यालय चंदनकियारी की शिक्षिका डॉ आशा रानी का चयन राष्ट्रीय शिक्षक पुरस्कार के लिए किया गया है. डॉ आशा रानी प्लस टू हाई स्कूल चंदनकियारी में नौवीं कक्षा से 12 वीं तक के छात्र-छात्राओं को संस्कृत पढ़ाती हैं. डॉ आशा रानी ने शुभम संदेश को बताया कि राष्ट्रीय शिक्षक पुरस्कार के लिए चयनित होने की खबर से वे बहुत खुश हैं. उन्हें नहीं पता था कि उनका चयन पुरस्कार के लिए हो जायेगा. कहा कि उनकी मेहनत का यह पुरस्कार है. भारत की राष्ट्रपति पांच सितंबर शिक्षक दिवस को उन्हें यह पुरस्कार प्रदान करेंगी. इधर, पुरस्कार मिलने की घोषणा के बाद जिले के शिक्षा जगत में खुशी का माहौल है. झारखंड शिक्षक संघ, जिला इकाई बोकारो ने बधाई दी है. संघ के संरक्षक डॉ अजय कुमार पाठक, अध्यक्ष पंकज कुमार सिंह, सचिव डॉ अवनीश कुमार झा, संयुक्त सचिव राजेश कुमार विश्वकर्मा, डॉ शक्ति पद महतो, प्रांतीय गुणात्मक शिक्षा समिति सदस्य धनंजय कुमार, उप संगठन मंत्री श्वेता कुमारी उपाध्याय, प्रयोगशाला सहायक प्रतिनिधि उजमा सुल्ताना एवं सदस्य दिनेश चंद्र, रजनीगंधा, चंद्र नारायण सिंह, नितेश सोनी ने उन्हें बधाई व शुभकामना दी है.

## डॉ. गंगवार को पेरिस में मिला "यूरोपियन एक्सीलेंस व इनोवेटिव एजुकेटर अवार्ड"

- डीपीएस बोकारो के प्राचार्य है डा. गंगवार




**इंडो-यूरोप एक्सचेंज प्रोग्राम के तहत अभिनव शिक्षा एवं विकास में महती भूमिका के लिए फिर मिली अंतरराष्ट्रीय ख्याति**

**बोकारो।** विगत तीन दशक से भी अधिक समय से शिक्षा के जरिए राष्ट्रीय विकास में महती भूमिका निभाने वाले डीपीएस बोकारो के प्राचार्य डॉ. ए एस गंगवार की अंतरराष्ट्रीय ख्याति व उपलब्धियों में एक और नया आयाम जुड़ गया है. उन्हें फ्रांस की राजधानी पेरिस में थेम्स इंटरनेशनल यूनिवर्सिटी द्वारा विश्व-प्रतिष्ठित यूरोपियन एक्सीलेंस एवं इनोवेटिव एजुकेटर अवार्ड से नवाजा गया है. नीति आयोग एवं ग्लोबल टॉक एजुकेशन फाउंडेशन के सहयोग से सीईडी (सेंटर फॉर एजुकेशनल डेवलपमेंट) फाउंडेशन के तत्वावधान में थेम्स इंटरनेशनल यूनिवर्सिटी में आयोजित इंडो-यूरोप एक्सचेंज प्रोग्राम के तहत डॉ. गंगवार को यह सम्मान प्रदान किया गया. यह पुरस्कार उन्हें शिक्षा के क्षेत्र में सार्थक अभिनव प्रयोगों, राष्ट्र व समाज की बेहतरी के लिए अटूट समर्पण, व्यापक अनुभव, उल्लेखनीय उपलब्धियों और अमूल्य योगदान के लिए प्रदान किया गया। इंडो-यूरोप शिक्षा एवं नेतृत्व शिखर सम्मेलन के दौरान पेरिस के वरिष्ठ व्याख्याता डॉ. राकेश मित्तल एवं ग्लोबल टॉक एजुकेशन फाउंडेशन के संस्थापक चेयरमैन डॉ. प्रियदर्शी नायक व अन्य प्रबुद्धजनों की मौजूदगी में उन्हें सम्मान स्वरूप प्रशस्ति पत्र, प्रमाण पत्र, स्मृति फलक एवं टाईनुमा सैश दिया गया.

उल्लेखनीय है कि नीति आयोग, भारत सरकार एवं ग्लोबल टॉक एजुकेशन फाउंडेशन की ओर से इंडो-यूरोप एक्सचेंज प्रोग्राम के तहत डॉ. गंगवार को विद्यालय समुदाय में मूल्य-आधारित शिक्षा के प्रति उनकी प्रतिबद्धता तथा भविष्य के शिक्षण पारिस्थितिकी तंत्र में उत्कृष्ट योगदान के लिए असाधारण समर्पण प्रमाण-पत्र से भी सम्मानित किया गया.

## गोमो की बेटी ने गतका में पंजाब में लहराया परचम

- गतका चैम्पियनशिप में सिल्वर मैडल जीता



**गोमो।** पंजाब के संगरूर जिला में आयोजित छह दिवसीय राष्ट्रीय गतका चैंपियनशिप 2024 में गोमो के स्टेशन मास्टर देवब्रत सरकार की पुत्री देबो श्री सरकार ने सिल्वर मेडल जीतने में सफलता पाई है. उसने झारखंड राज्य की ओर से प्रतियोगिता में भाग लिया है. उन्होंने बताया कि पंजाब जिला में संगरूर जिला में आयोजित राष्ट्रीय गतका खेल चैंपियनशिप 2024 में देश के 24 राज्यों से 1650 बच्चों ने भाग लिया था. जिसमें से 400 प्रतियोगियों ने खेल में भाग लिया. झारखंड से 82 बच्चे शामिल हुए थे. ग्रुप में कुल 26 बच्चों को सिल्वर मेडल प्राप्त हुआ है.उन्होंने बताया कि चैंपियनशिप में असम तमिलनाडु एवं कर्नाटक को हराकर में वह फाइनल में पहुंची थी. पंजाब के साथ हुए फाइनल मैच में सिल्वर मेडल प्राप्त करने में सफलता मिली है. राष्ट्रीय चैंपियनशिप में गोमो की बेटी द्वारा सिल्वर मेडल प्राप्त करने की सूचना पर खेल प्रेमियों में हर्ष है. लोग उन्हे बधाई देने घर पहुंच रहे हैं.

### ब्रीफ खबरें

#### एनएच से जाम को हटाने की कवायद में जुटा प्रशासन

**गोविंदपुर।** झारखंड सरकार के मुख्य सचिव के निर्देश के बाद धनबाद जिला प्रशासन गोविंदपुर बाजार इलाके में जीटी रोड के दोनों ओर से अतिक्रमण हटाने का आदेश जारी किया है. इस संबंध में धनबाद के अनुमंडल अधिकारी उदय रजक ने गोविंदपुर अंचल अधिकारी को दंडाधिकारी नियुक्त किया है. इसके लिए पुलिस की विशेष व्यवस्था की गई है और डीएसपी मुख्यालय वन और गोविंदपुर पुलिस इंस्पेक्टर को भी इसकी की सूचना दी है. इस बीच एसडीएम के निर्देश पर गोविंदपुर बाजार इलाके से जीटी रोड से अतिक्रमण हटाने के लिए भारतीय राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण ने गोविंदपुर बाजार इलाके में माइक प्रचार कराया. प्राधिकरण ने गोविंदपुर बाजार के जीटी रोड के दोनों ओर से लोगों से अतिक्रमण हटा लेने की अपील की है. कहा गया कि यदि लोगों ने अपने स्तर से अतिक्रमण नहीं हटाया तो प्रशासन बलपूर्वक अतिक्रमण हटाएगा. गोविंदपुर में जीटी रोड के सर्विस लेन पर थाना द्वारा जब्त वाहनों को लगा कर रखा गया है. वहां कई वर्षों से रखे गए हैं इनमें से कई वाहन सड़ गए हैं.

#### बीसीसीएल के कल्याण भवन में कार्यशाला

**धनबाद।** बीसीसीएल के कल्याण भवन में बुधवार को केंद्रीय सतर्कता आयोग के निर्देश पर कार्मिकों के लिए एक दिवसीय कार्यशाला आयोजित हुआ.कार्यक्रम में आईआईटी आईएसएम के पूर्व प्रोफ़ेसर डॉक्टर प्रमोद पाठक ने नैतिकता विषय पर अपना विचार रखा. इसके साथ एक दिवसीय सत्र में 37 कर्मियों की भागीदारी रही.पूर्व प्रोफ़ेसर प्रमोद पाठक ने कहा कि पहले विचार फिर संस्कार फिर संस्कृति के जरिए नैतिकता को अपने कार्यशैली में समाहित कर सकते हैं. बताया जाता है कि इस तरह की कार्यशाला से कर्मियों को जहां कई फायदा मिलता है, अपने आचरण से कंपनी राय और समाज को बेहतर करने पर बल दिया गया.

# बंगाल बंद बराकर-कुल्टी में असरदार

**खास बातें**

- टीएमसी व भाजपाइयों में होती रही नोकझोंक
- दुकानें रहीं बंद, वाहनों का आवागमन प्रभावित
- थाना-फाड़ी का भाजपाइयों ने किया घेराव

संवाददाता। बराकर

पश्चिम बंगाल के कोलकाता में महिला चिकित्सक के साथ दुष्कर्म-हत्या के मामले में छात्रों द्वारा मुख्यमंत्री के नवान्न घेराव कार्यक्रम में पुलिस की बर्बरता के खिलाफ भाजपा का बंगला बंद सफल रहा. सड़क पर उतरे भाजपा विधायक डाक्टर अजय पोद्दार को पुलिस ने कार्यकर्ताओं के साथ गिरफ्तार किया, इस दौरान पूरे कुल्टी क्षेत्र में बंद सफल रहा, बंद को लेकर पूरे कुल्टी क्षेत्र में तृणमूल भाजपा एक दूसरे के सामने सड़क पर जोर आजमाइश करते दिखाई दिए. इस दौरान भाजपा के विधायक डाक्टर अजय पोद्दार के नेतृत्व में बराकर स्टेशन से बस स्टेंड तक जुलूस निकाला गया.

बंद को विफल करने ओर व्ववसाइयों को दुकानें खुलवाने के लिए तृणमूल कांग्रेस भी सड़क पर उतरी.बराकर के बैगुनिया मोड, कुल्टी थाना मोड, नियामतपुर मोड़, सांकतोडिया में भाजपा तृणमूल दोनों दलों में तनाव रहा. कुल्टी पुलिस की मुस्तैद से दोनों दलों के बीच टकराव से बचा गया.

पुलिस ने टकराव की स्थिति को देखते हुवे विधायक डाक्टर अजय पोद्दार, मनमोहन राय, प्रेमदेव दास ,राजू यादव, को गिरफ्तार कर कुल्टी थाना ले गई. वही सांकतोड़िया पुलिस ने भाजपा जिला नेता पूर्व पार्षद अभिजीत आचार्या को गिरफ्तार किया. कार्यकर्ताओं ने सांकतोड़िया फाड़ी का घेराव किया. भाजपा विधायक की गिरफ्तारी के विरोध में कुल्टी थाना पर पार्टी के जिला उपाध्यक्ष केशव पोद्दार, कुल्टी के चारों मंडल अध्यक्ष के नेतृत्व में महिलाओं ने धरना प्रदर्शन पर बैठ गए, जहां कुछ घंटों के बाद गिरफ्तार नेताओं को छोड़ दिया गया.



### बराकर-कुल्टी में कारोबारियों ने बंद रखी दुकानें

कारोबारियों ने अपनी दुकानें बंद रखी. सड़क गली मोहल्लों में इक्का-दुक्का दुकान खुली रही1 बाजार पूरी तरह से बंद रहा, वाहनों की आवाजाही जारी रही. कुछ समय के लिए सड़क अवरोध किया गया ,परंतु पुलिस ने सड़क अवरोध करने वालो की एक नहीं चलने दी. बराकर बाजार की दुकानदारों ने भी इस बंदी का खुले मन से समर्थन किया. बराकर बाजार की दुकान बंद रहीं. इस दौरान देखा गया कि एक तरफ जहां भाजपा सदस्यों ने सुबह-सुबह बाजार बंद करवाया. तृणमूल समर्थक सड़कों पर उतरे और बेगुनिया बाजार के दुकानों में जाकर दुकानदारों से दुकान खोलने के लिए काफी दबाव बनाया. उन्होंने यहां तक दुकानदारों से कहा कि यह पश्चिम बंगाल है. यहां मुख्यमंत्री ने बंदी का विरोध किया है. सभी दुकानदारों को यही पश्चिम बंगाल में रहकर व्यवसाय करना है इसके बाद भी दुकानदार बंद करने पर अडिग रहे. इस दौरान तृणमूल समर्थकों ने बराकर चैंबर ऑफ़ कॉमर्स के विरुद्ध तथा बराकर चेंबर ऑफ कॉमर्स के अध्यक्ष शिवकुमार अग्रवाल के विरुद्ध नारेबाजी भी किया. कहा कि चेंबर ऑफ कॉमर्स का बीजेपी के साथ दलाली नहीं चलेगी.

# गोमिया में दलित युवक की गला रेतकर हत्या

**खास बातें**

- पहाड़ी के नीचे मिला शव जांच में जुटी पुलिस

संवाददाता। बोकारो



गोमिया थाना क्षेत्र के करमटिया गांव के दलित युवक मुकेश कुमार (35 वर्षीय) का शव उसके घर से पांच सौ मीटर की दूरी पर पहाड़ी के नीचे मिला है. घटना की जानकारी के बाद पुलिस मौके पर पहुंची और जांच में जुट गई है1 इस संबंध में ग्रामीणों ने बताया कि बुधवार की सुबह कुछ महिलाएं शौच के लिए पहाड़ी की ओर गई थी. उसी समय रास्ते में युवक का शव पड़ा हुआ था1 महिलाओं ने तुरंत इसकी जानकारी गांव वालों को दी. गाँव वालों ने गोमिया पुलिस को सूचना दी. गोमिया थाना प्रभारी नित्यानंद भोगता दल बल के साथ घटना स्थल पर पहुंचे और जांच में जुट गए. युवक की गर्दन पर तेज हथियार से कटे हुए का निशान पया गया है.अनुमान लगाया जा रहा है कि हत्या कहीं दूसरे स्थान पर किया गया है और शव को गांव के नजदीक पहाड़ी के पीछे फेंक दिया गया है. मंगलवार की शाम को मुकेश घर से निकला था, इसके बाद वह नहीं लौटा। गांव वालों ने बताया कि शाम के करीब सात बजे तक उसे देखा गया था. इसके बाद की जानकारी नहीं है. मुकेश स्वर्गीय महेंद्र रविदास का पुत्र है. उसके दो और भाई है एक बड़ा है और दूसरा उससे छोटा है1 बड़ा भाई सीसीएल में काम करता है, जबकि छोटा भाई मुंबई में काम करता है. मां फागुनी देवी और भाभी का रो रोकर बुरा हाल है. ग्रामीण खोजी कुत्ता से घटना की तत्काल जांच कराने की मांग कर रहे हैं.

# एसएनएमएमसीएच में दवा संकट

संवाददाता। धनबाद



एसएनएमएमसीएच में दवाएं नहीं होने से मरीज परेशान हैं. अस्पताल में ओपीडी में स्थित दवाई केंद्र में 40 प्रतिशत से अधिक दवाओं का स्टॉक खत्म हो गया है. मरीजों को अपनी जेब ढ़ीली करनी पड़ रही है और बाहर से खरीद कर लाना पड़ रहा है. एसएनएमएमसीएच कोयलांचल का सबसे बड़ा सरकारी अस्पताल होने के साथ-साथ मेडिकल कॉलेज भी है. हर साल करोड़ों रूपये सरकार यहां खर्च करती है, ताकि मरीजों को इलाज में कोई असुविधा ना हो.

### 56 में से मात्र 37 दवाएं ही उपलब्ध

राज्य सरकार के आदेश अनुसार, 56 दवाओं को अस्पतालों में रखने का आदेश है, लेकिन एसएनएमएमसीएच में महज 37 प्रकार की दवाएं ही उपलब्ध हैं. मरीजों को काफी परेशानियों का सामना करना पड़ता है और बाकी की दवाइयां गरीब जनता को मेडिकल शॉप से लेनी पड़ती है. मरीजों का कहना है कि वे गरीब हैं और दूर-दराज के इलाके से आते हैं ताकि उन्हें मुफ्त इलाज और दवाएं मिल सके. लेकिन यहां पहुंचने के बाद उन्हें निराशा ही हाथ लगती है. उन्हें अपनी जेब ढ़ीली करनी पड़ती है और बाहर से दवाएं खरीदनी पड़ती हैं.अस्पताल के फार्मिसिस्ट ने कहा कि वे जो दवाएं उपलब्ध हैं उन्हीं का वितरण कर रहे हैं. बाकी की दवाइयों की जानकारी उन्होंने प्रबंधन को दे रखी है.

### रिश्तेदार के घर मौत पर हुआ था शामिल, इसकी दो साल से झेल रहा सजा

**पंचायत प्रतिनिधियों का तुगलकी फरमान**

# परिवार का सामाजिक बहिष्कार

- पीड़ित परिवार ने पुलिस से लगाई न्याय की गुहार
- जांच पड़ताल में जुटी पुलिस

संवाददाता। निरसा/कालूबथान



एक बार फिर तुगलकी फरमान का मामला सामने आया है. जहां एक परिवार को गांव के प्रधान के साथ जनप्रतिनिधि सामाजिक बहिष्कार का फरमान सुनाया है और वह भी पिछले दो वर्षो से पीड़ित परिवार सब कुछ झेलता आ रहा है. यह मामला कालूबथान ओपी अंतर्गत पिंडराहाट पंचायत के भूरसा गांव की है. हद तो तब हो गई जब 25 अगस्त को परिवार के मुखिया के साथ गाली गलौज, मारपीट एवं धक्का मुक्की की गई. खुद को प्रताड़ित होता देख परिवार के मुखिया आखिरकार पुलिस का संरक्षण लिया. बुधवार को जैसे ही इसकी भनक झामुमो नेता नेता ठाकुर मांझी को लगी वह उक्त परिवार की मुखिया के साथ कालूबथान ओपी पहुंचे और तुगलकी फरमान सुनाने वालों के खिलाफ लिखित शिकायत दर्ज करवाते हुए कठोर कार्रवाई की मांग की. मांझी ने बताया पीड़ित परिवार के मुखिया का सिर्फ गुनाह इतना है कि अपने ही गोतिया में लगने वाले एसपी कॉलेज दुमका में पद स्थापित पहले से ही बहिष्कृत प्रोफेसर सुजीत सोरेन की मां के देहांत हाने के बाद परिवार के वहां चले गए थे. फिर क्या था तुगलकी फरमान सुनाने वाले गांव के माझी हड़ाम दिनेश किस्कू, पंचायत समिति सदस्य लक्खी नारायण हेंब्रम व समाज के अन्य लोगों को यह बातें नागवार लगी और पहले से बहिष्कृत परिवार के मरने की खबर पर अंतिम संस्कार में पहुंचे परिवार के मुखिया लक्ष्मी नारायण सोरेन व उनके पूरे परिवार पर वर्ष 2022 में ही सामाजिक बहिष्कार का फरमान सुना दिया. इस पर भी जब मन नहीं भरा तो 25 अगस्त को परिवार के मुखिया लक्ष्मण नारायण सोरेन के घर पहुंचकर उनके साथ मारपीट, गाली गलौज व धक्का मुक्की तक करने का काम किया. साथ ही चेताया कि अगर बहिष्कार से बाहर आना चाहते हो तो 5 लाख रुपया बतौर जुर्माना पंचायत को देने का काम करो. इधर .झामुमो नेता ठाकुर मांझी ने पुलिस से जांच कर उचित कार्रवाई करने की मांग करते हुए कहा कि अगर भविष्य में पीड़ित परिवार के साथ कोई अनहोनी घटना घटती है तो इसकी पूरी जवाबदेही पुलिस पर होगी. इधर पुलिस पूरे मामले की छानबीन में जुट गई है.

### चंपाई सोरेन के घर से झामुमो का झंडा हटने के बाद दीवारों का रंग भी बदला

# 40 साल तक था हरा, अब केसरिया रंग में डूबा

संवाददाता। सरायकेला

झामुमो से दिल टूटते ही पूर्व मुख्यमंत्री चंपाई सोरेन झामुमो से जुड़ी यादों और निशानियों को एक-एक कर मिटाते जा रहे हैं. 40 साल तक झामुमो का झंडा ढोने वाले चंपई सोरेन अभी चंद दिनों पहले तक हरे रंग में सराबोर थे. घर में झंडे हरे. घर की दीवारों पर हरियाली. जीवन के 40 वर्ष तक हरे रंग की हरियाली में डूबे चंपई सोरेन की मानें अब हरे रंग से ही उलझन हो गई है. यही वजह है कि वे अपने आसपास से हरा रंग हटाने में लग गये हैं. झामुमो से बगावत और बीजेपी में शामिल होने की खबरों के बीच एक हफ्ते पहले उनके सरायकेला के जिलिंगगोड़ा स्थित आवास से झामुमो के हरे रंग काझं डा हटाया गया. 30 अगस्त को चंपई सोरेन का बीजेपी में जाना तय हो गया है तो उनके जिलिंगगोड़ा आवास की दीवारों पर लगे हरे रंग को मिटाकर उसके उपर केसरिया रंग चढ़ाया जा रहा है. चंपई सोरेन के भाजपा में शामिल होने से पहले ही चंपई और उनका घर भगवा रंग में सराबोर हो चुका है.



### झामुमो से जुड़ी हर याद है मिटाना

चंपाई सोरेन झामुमो के पुराने और झामुमो प्रमुख शिबू सोरेन से सबसे करीबी नेता माने जाते थे. चंपई ने भी हर वक्त सोरेन परिवार के प्रति अपनी वफादारी साबित भी की. हेमंत सोरेन जब उन्हें मुख्यमंत्री बनाकर जेल चले गये. तब भी चंपई ने वफादारी साबित की. सरकार के कार्यक्रमों में बोलते थे कि हेमंत सोरेन को भाजपा ने साजिश के तहत जेल में डाल दिया है. इतना ही नहीं मुख्यमंत्री बनने के बाद भी वे सीएम हाउस में नहीं रहे, बल्कि डीसी आवास के सामने स्थिति अपने सरकारी आवास में रहे.

### घर पर लहराएगा भाजपा का झंडा

चंपाई सोरेन के आवास के एक कर्मी ने बताया कि चंपई सोरेन का फोन आया था, उन्होंने घर से हरा रंग को हटाकर उसे भगवा रंग में रंगने का निर्देश दिया है. जिस घर में 40 साल तक झामुमो का हरा झंडा लहराता था उसे तो एक हफ्ते पहले ही उतार दिया गया था. चंपई सोरेन के जिलिंगगोड़ा पहुंचने से पहले घर में भाजपा का झंडा लहराने लगेगा.

# दिनदहाड़े बंदूक की नोक पर छिनतई

- बाइक सवार अपराधियों ने दिया घटना को अंजाम
- घायल अवस्था में व्यवसायी को भेजा गया अस्पताल

संवाददाता। कतरास



कतरास थाना क्षेत्र के लेडीडूमर पुल के पास दिनदहाड़े अपराधियों ने कतरास के व्यवसायी अशोक कुमार गुप्ता से 80 हज़ार रुपये लूट लिये.अपराधियों ने उनके साथ मारपीट भी किया है. इससे वह गंभीर रूप से घायल हो गया है. बताया जाता है कि व्यवसायी बिस्किट, मिक्सचर,नमकीन का थोकविक्रेता है. मालवाहक छोटा हाथी गाड़ी से बाघमारा,बरोरा के विभिन्न दुकान से सामान बेचकर लौट रहा था. इसी दौरान बाइक पर सवार तीन अपराधियों ने लेडीडुमर पुल के पास गाड़ी ओवरटेक कर पिस्टल की नोक पर रूपये लूट लिये. विरोध करने पर गाड़ी चालक एवं उनके साथ मारपीट की. पिस्टल की बट से सिर पर मारकर लहुलुहान कर दिया.उनके सिर पर गंभीर चोटें आयी है. घटना का अंजाम देने के बाद अपराधी कतरास की ओर भाग गया. व्यवसाय ने अपराधियों का चेहरा पहचान नहीं पाया. सभी अपना मुंह ढके हुए थे. घायल व्यवसाय का इलाज कतरास के एक निजी अस्पताल में चल रहा है. व्यवसायी कतरास के तिलाटाड़ पावर हाउस के पास रहता है. घटना से व्यवसाय काफी डरे सहमे हुए हैं. सूचना मिलने पर कतरास ,बरोरा पुलिस घटना स्थल पर पहुंचे और घटना की छानबीन की. व्यवसायी से पूछताछ करने के बाद पुलिस जांच में जुट गयी है. सड़क पर वाहनों की चेकिंग की जा रही है.

**ब्रीफ खबरें**

### दो सड़क दुर्घटना, कर्मी समेत एक बच्ची घायल

**तेतुलमारी।** बैजकारटांड़ के समीप बुधवार को दो अलग-अलग सड़क दुर्घटना में एक बच्ची समेत एक बीसीसीएल कर्मी जख्मी हो गए. दोनों को इलाज के लिए कतरास के एक क्लीनिक में भर्ती कराया गया. पहली घटना में अज्ञात बाइक की चपेट में आने से बैजकारटांड़ निवासी सरजू रवानी की तीन वर्षीय नतिनी मुन्नी जख्मी हो गई. आनन-फानन में उसे इलाज के लिए क्लिनिक ले जाया गया. दूसरी घटना में बीसीसीएल बेनीडीह कोलियरी में कार्यरत लखन बाउरी जख्मी हो गए. वे बाइक से अपने रिश्तेदार के यहां नगरीकला जा रहा थे, तभी घटना घट गई.

### हेमंत सोरेन के खिलाफ आजसू का प्रदर्शन

**धनबाद।** आजसू छात्र संघ के प्रदेश संयोजक हीरालाल महतो ने कहा कि हेमंत सोरेन ने झारखंड के युवाओं से वादाखिलाफी की है। वर्ष 2019 के विधानसभा चुनाव में उन्होंने 5 लाख युवाओं को नौकरी देने का वादा किया था, लेकिन युवाओं को नौकरी नहीं मिली। आजसू शिक्षित बेरोजगार युवाओं का बायोडाटा पूरे धनबाद जिले में संग्रह कर पार्टी केंद्रीय अध्यक्ष सुदेश कुमार महतो को भेजेगी। सुदेश महतो 8 सितंबर को युवाओं से हेमंत सोरेन की वादाखिलाफी का पर्दाफाश रांची के मोरहाबादी मैदान में आजसू के महासम्मेलन में करेंगे। बायोडाटा संग्रह की शुरुआत गुरुवार से होगी।

### विधानसभा चुनाव को लेकर भाजपा की बैठक

**तेतुलमारी।** भाजपा राजगंज मंडल की बैठक नगरीकला दक्षिण पंचायत सचिवालय में बुधवार को हुई. बैठक में आगामी विधानसभा चुनाव की तैयारी पर चर्चा हुई. साथ ही हर बूथों को सशक्त बनाने तथा पार्टी के पुराने कार्यकर्ताओं को चुनावी गतिविधियों में सक्रिय करने का निर्णय लिया गया. वक्ताओं ने कहा कि हेमंत सरकार में लूट मची है. झारखंड को बचाने के लिए इस सरकार को उखाड़ फेंकना जरूरी है. बैठक में उपस्थित भाजपा कार्यसमिति सदस्य सह टुंडी विधानसभा चुनाव प्रभारी रमेश कुमार राही का कार्यकर्ताओं ने फूल माला पहनकर स्वागत किया.

## एनएच से जाम को हटाने की कवायद में जुटा प्रशासन



**संवाददाता। गोविंदपुर**

झारखंड सरकार के मुख्य सचिव के निर्देश के बाद धनबाद जिला प्रशासन गोविंदपुर बाजार इलाके में जीटी रोड के दोनों ओर से अतिक्रमण हटाने का आदेश जारी किया है. इस संबंध में धनबाद के अनुमंडल अधिकारी उदय रजक ने गोविंदपुर अंचल अधिकारी को दंडाधिकारी नियुक्त किया है. इसके लिए पुलिस की विशेष व्यवस्था की गई है और डीएसपी मुख्यालय वन और गोविंदपुर पुलिस इंस्पेक्टर को भी इसकी की सूचना दी है. इस बीच एसडीएम के निर्देश पर गोविंदपुर बाजार इलाके से जीटी रोड से अतिक्रमण हटाने के लिए भारतीय राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण ने गोविंदपुर बाजार इलाके में माइक प्रचार कराया. प्राधिकरण ने गोविंदपुर बाजार के जीटी रोड के दोनों ओर से लोगों से अतिक्रमण हटा लेने की अपील की है. कहा गया कि यदि लोगों ने अपने स्तर से अतिक्रमण नहीं हटाया तो प्रशासन बलपूर्वक अतिक्रमण हटाएगा. गोविंदपुर में जीटी रोड के सर्विस लेन पर थाना द्वारा जब्त वाहनों को लगा कर रखा गया है. वहां कई वर्षों से रखे गए हैं इनमें से कई वाहन सड गए हैं. इस संबंध में प्राधिकरण के दुर्गापुर निदेशक मनीष कुमार ने पिछले दिनों धनबाद उपायुक्त को भी आवेदन दिया था. उन्होंने बताया कि जीटी रोड से अतिक्रमण नहीं हटाने के कारण चौड़ीकरण का काम अधूरा पड़ा है. प्रशासन से कई बार अतिक्रमण हटाने का आग्रह किया जा चुका है . उन्होंने कहा कि प्राधिकरण जीटी रोड चौड़ीकरण के लिए किसी से जमीन नहीं लेगा परंतु अपनी जमीन पर अतिक्रमण भी रहने नहीं दिया जाएगा1 प्राधिकरण के अधिकारी निगम बेहरा बुधवार को गोविंदपुर थाना आए और सर्विस लेन पर रखे जब्त वाहनों को हटाने पर विचार विमर्श किया. पुलिस इंस्पेक्टर रविकांत प्रसाद ने कहा कि वाहनों को रखने की वैकल्पिक व्यवस्था की जा रही है.

## 90 एकल विद्यालय के आचार्यों का 24 घंटे का प्रशिक्षण

**संवाददाता। धनबाद**



**मैथनः** एकल विद्यालय, एक शिक्षक एक विद्यालय की अवधारणा पर कार्य होता है. 1989 से भारत के उपेक्षित और आदिवासी बहुल सुदूर ग्रामीण क्षेत्रों में एकल विद्यालय फाउंडेशन द्वारा संचालित किए जा रहे हैं. भारत के वनवासी एवं पिछड़े क्षेत्रों मे हजारों एकल विद्यालय चल रहे हैं. ग्रामीण भारत के उत्थान में शिक्षा के महत्व को समझने वाले हजारों संगठन इसमें सहयोग दे रहे हैं. भारत के वर्तमान में 65 हजार गांवों के 26 लाख वनवासी बच्चों को एकल विद्यालय फाउंडेशन मुफ्त शिक्षा उपलब्ध करा रहा है. उक्त बातें एकल विद्यालय के गोविंदपुर अंचल अध्यक्ष कृष्णलाल रूंगटा ने प्रशिक्षण शिविर में आए आचार्य को संबोधित करते हुए कही. उन्होंने कहा कि एकल विद्यालय में बुनियादी शिक्षा ही नहीं दी जाती है, बल्कि समाज के उपेक्षित वर्गो को स्वास्थ्य, विकास और स्वरोजगार संबंधी शिक्षा भी दी जाती है.एकल विद्यालय का वैशिष्ट्य यह है कि विद्यार्थियों को शिक्षा प्रदान करने के लिये संबधित ग्राम के ही एक शिक्षित युवक-युवती को आचार्य के रूप में प्रशिक्षित किया जाता है. इस प्रशिक्षण में संभावित आचार्य को न केवल शिक्षण कला का ही ज्ञान कराया जाता है, बल्कि प्राथमिक चिकित्सा, बच्चों को संस्कार-संपन्न बनाना, खेल-कूद कराना आदि के बारे में भी प्रशिक्षण दिया जाता है। इन विद्यालयों में गांव के लगभग 30-40 बच्चे हंसी-खुशी और खेल-कूद के वातावरण में अनौपचारिक रीति से शिक्षा प्राप्त करते हैं. प्रशिक्षणर्थियों को संबोधित करते हुए निरसा संच समिति के अध्यक्ष संजय सिंह ने कहा कि पाठ्यक्रम में बच्चों को बुनियादी शिक्षा और जीने के तौर-तरीकों के बारे में भी बताया जाता है, ताकि उनमें आत्मविश्वास की भावना पैदा हो और ग्रामीण जीवनस्तर से ऊपर उठकर वे उच्च शिक्षा हासिल करने की दिशा में कदम बढ़ा सकें. प्रशिक्षण शिविर की शुरुआत भारत माता एवं सरस्वती माता की तस्वीर पर माल्यार्पण एवं दीप प्रज्वलन के साथ शुरू हुआ.प्रशिक्षण शिविर को अमरेंद्र मिश्र, मोहन अग्रवाल, धनंजय दास, कृष्ण मोहली, आशिक मुर्मू इत्यादि में भी संबोधित किया.

# सरकार की एडवाइजरी ताक पर काम होगा अधिकारी की धाक पर





**संवाददाता। कतरास**

कतरास। बाघमारा अंचल में म्यूटेशन वाद के निपटारा में राज्य सरकार के एडवाइजरी को ताक पर रख कर अधिकारी अपनी मनमानी चलते हैं. अधिकारी व मातहत हुकूमत चलाकर ही भू-स्वामियों को परेशान कर चढ़ावा देने को मजबूर करते हैं. मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन द्वारा दो वर्ष पूर्व दाखिल-खारिज की प्रक्रिया को सुलभ, सरल एवं पारदर्शी बनाने हेतु एसयूओ-मोटो म्यूटेशन व्यवस्था लाई गई ताकि भूमिक्रेता को म्यूटेशन के लिए अंचल कार्यालय के चक्कर लगाने न पड़े और बैगर अनावश्यक परेशानी के उसके जमीन की म्यूटेशन हो सके.एसयूओ-मोटो म्यूटेशन व्यवस्था में जमीन के निबंधन होते ही सीधा म्यूटेशन वाद को अंचल अधिकारी के पास हस्तांतरण किया जाता है .बाघमारा अंचल में निबंधन कार्यालय द्वारा प्रेषित जमीन का म्यूटेशन वाद के अधिकतर मामले को जानबूझ कर अस्वीकृत कर दिया जाता है. सभी अस्वीकृत वाद में अंचल अधिकारी द्वारा एक ही टिपण्णी लिखा जाता है.राजस्व कर्मचारी और अंचल निरीक्षक की जांच रिपोर्ट के आधार पर वाद संख्या....... रिजेक्ट किया जाता है. न ही जांच रिपोर्ट ऑनलाइन पोर्टल पर विभाग द्वारा अपलोड किया जाता है. और न ही क्रेता भू स्वामी को विभाग द्वारा उनके खरीदी गई जमीन की म्यूटेशन के स्वीकृति प्रदान करने के लिए कोई सलाह पोर्टल में दर्ज होती है. सम्बंधित अधिकारी द्वारा जब भू स्वामी अस्वीकृति का कारण जानना चाहता है तो उसे सटीक जानकारी न देकर भ्रामक बातें बताई जाती हैं. डीसीएलआर अपील में जाने से होने वाली परेशानी और कोर्ट खर्चा का ब्यौरा देकर उससे म्यूटेशन के लिए सरलता से वसूली करने का खेल किया जाता है.

### कतरास अंचल भ्रष्टाचार कथा

**केस स्टडी -1**

बाघमारा अंचल के निचितपुर-2 ग्राम पंचायत के खोनाठी गाँव के प्रगतिशील किसान कमल महतो के पिता बेनी महतो ने अपने गोतिया असु महतो से 3 .33 डिसमिल रैयती जमीन विगत वर्ष 22 फरवरी 2023, लिया जिसका खाता संख्या 27 एवं प्लाट संख्या 1861 है. निबंधन के तुरंत पश्चात रजिस्टार ने उक्त जमीन के म्यूटेशन के लिए सीओ के पास हस्तांतरण किया. जिसका म्यूटेशन वाद संख्या 4354 हैं, जिससे अंचलाधिकारी ने कर्मचारी एवं सीई के रिपोर्ट के आधार पर 85 दिन के बाद रिजेक्ट कर दिया. रिजेक्ट के बाद कमल महतो लगभग एक वर्ष से लगातार अंचल कार्यालय आना-जाना कर म्यूटेशन रिजेक्ट का कारण की जानकारी कर्मचारी एवं सीआई का रिपोर्ट मांग रहा है, परन्तु न ही अधिकारी उसे रिपोर्ट दे रहे हैं और न ही उसका म्यूटेशन का उपाय बता रहे हैं. कमल महतो का परिचय :- खोनाठी गाँव में रहने वाले एक किसान जो वैज्ञानिक विधी से कृषि कार्य करते है .कृषि के विविध गुर सिखाने के लिए राज्य सरकार ने इसे इजराइल भेजा था. अपने गाँव के अगल बगल के किसानों को वैज्ञानिक खेती करने के लिए बढ़ावा देता है. तथा बहु फसल गेंहूँ, धान के अलावा सब्जी और फूल की खेती के साथ बड़े भू-भाग में ईख की खेती करता है.

**केस स्टडी- 2**

बाघमारा अंचल के भीमकनाली ग्राम पंचायत के बड़ा पाण्डेयडीह निवासी मेघनाथ महतो ने गाँव के ही भू स्वामी अस्वनी पाण्डेय से 10 डिसमिल जमीन जिसका खाता संख्या 20, प्लाट संख्या 524 है, को इसी वर्ष खरीदने से पूर्व अंचल कार्यालय में पदस्थापित हल्का कर्मचारी से जमीन का सत्यापन कराया एवं सभी वैध ऑनलाइन-ऑफलाइन पंजी और कागजात जो म्यूटेशन के लिए आवश्यक होता है. जमीन की निबंधन के लिए उसे सही पाने के बाद ही निबंधन कार्यालय, धनबाद में जमीन ना निबंधन कराया परन्तु इसका भी म्यूटेशन सीओ ने कर्मचारी एवं सीई के रिपोर्ट के आधार पर रिजेक्ट कर दिया, रिजेक्ट का रिपोर्ट न ही पोर्टल में दर्ज है और न ही अधिकारी सूचना अधिकार के तहत क्रेता भू स्वामी मेघनाथ महतो को दिया गया. हालांकि रिजेक्ट का कारण मौखिक रूप से अधिकारी मेघनाथ को बताता है कि यह जमीन गत खाता में गैराबाद बिहार सरकार है, इसलिए म्यूटेशन नहीं किया जा सकता है 1 मेघनाथ महतो ने कहा की जमीन यदि गत खाता अनाबाद बिहार सरकार है और इसका म्यूटेशन नहीं हो सकता है तो फिर क्यों इस जमीन को विक्रेता के माता/पिता के नाम से हाल सर्वे के आधार पर मान्य देकर पंजी-2 में दर्ज कर हाल रशीद निर्गत किया गया तथा निबंधन कार्यालय ने जमीन की वैधता जो ऑनलाइन में दर्ज है और हाल रशीद निर्गत है उसके आधार पर निबंधन करता है, अंचल विभाग की गड़बड़ी के कारण में अपने जमीन में पैसा लगाकर परेशान हूं.

## उद्योगपति एके सहाय की पत्नी नहीं रहीं

- झामुमो नेता अमितेश सहाय एवं धनबाद बार एसोसिएशन के अध्यक्ष अमरेंद्र सहाय की मां थीं सावित्री देवी
- जालान हॉस्पिटल में ली अंतिम सांस

**संवाददाता। धनबाद**



**धनबाद :** झारखंड आंदोलनकारी एवं झामुमो अध्यक्ष शिबू सोरेन के निकटतम सहयोगी व प्रसिद्ध उद्योगपति अवध किशोर सहाय (एके सहाय) की 84 वर्षीय पत्नी सावित्री देवी का बुधवार दोपहर करीब एक बजे जालान हॉस्पिटल में निधन हो गया.धनबाद के चिरागोड़ा स्थित आवास पर उनकी तबीयत बिगड़ गई थी. परिजन तुरंत उन्हें जालान अस्पताल ले गए.जहां इलाज के क्रम में उनका निधन हो गया. वह झामुमो के केंद्रीय कार्यकारिणी सदस्य अमितेश सहाय एवं धनबाद बार एसोसिएशन के अध्यक्ष अमरेंद्र सहाय की मां थीं. उनके निधन की सूचना मिलते ही उनके चिरागोड़ा आवास पर झामुमो समर्थकों, अधिवक्ताओं, उद्यमियों एवं आम लोगों का जुटान हो गया है. पार्थिव शरीर का अंतिम संस्कार गुरुवार को मुनीडीह कपालघाट में किया जाएगा.

**न्यूज अपडेट**

### अवैध अल्का क्लीनिक के खिलाफ मुकदमा दर्ज

**बरोरा।** धनबाद के सिविल सर्जन डॉक्टर सीवी प्रतापन ने मुराईडीह कॉलोनी में अवैध रूप से संचालित अल्का क्लीनिक के संचालक डॉ. एनके सिंह के खिलाफ सात दिनों के अंदर प्राथमिकी दर्ज कराने का निर्देश दिया है। धनबाद सिविल सर्जन के निर्देश पर जिला फाइलेरिया पदाधिकारी डॉ. मंजू दास और जिला आरपीएच पदाधिकारी डॉ. रोहित गौतम की संयुक्त टीम ने अल्का क्लीनिक की औचक निरीक्षण की थी। निरीक्षण के दौरान कई खामियां पाई गईं। क्लीनिक बगैर क्लीनिकल एस्टेब्लिशमेंट एक्ट के तहत रजिस्ट्रेशन कराए संचालित किया जा रहा था। क्लीनिक में न कोई डिग्री धारी डॉक्टर थे और न ही मेडिकल स्टाफ। मरीजों को बेड पर ही लिटाकर डॉ. एनके सिंह इलाज कर रहे थे।सिविल सर्जन को डॉ. मंजू दास एवं डॉक्टर रोहित गौतम ने रिपोर्ट सौंप दी। उसी रिपोर्ट के आधार पर अल्का क्लीनिक को अवैध करार देकर डॉ. एनके सिंह के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज कराने का निर्देश दिया गया है।

**शेष पेज-3 की खबरें**

### डॉ. गंगवार को पेरिस में मिला 'यूरोपियन एक्सीलेंस व इनोवेटिव एजुकेटर अवार्ड

उक्त विनिमय कार्यक्रम के अंतर्गत भारत के चुनिंदा विद्यालयों के नेतृत्वकर्ताओं के लिए यूरोप-भ्रमण का विशेष आयोजन किया गया था. उन्हें स्विट्जरलैंड,नीदरलैंड और पेरिस शहरों का भ्रमण कराकर यूरोप के शैक्षणिक परिदृश्यों से अवगत कराया गया. जबकि, थेम्स यूनिवर्सिटी, पेरिस में आयोजित शिखर सम्मेलन के दौरान शिक्षाविदों को अलग-अलग कैटेगरी में सम्मानित किया गया. उनकी उपलब्धी पर बोकारो डीपीएस परिवार गौरवांवित है. उप-प्राचार्य अंजनी भूषण, मनीषा शर्मा एवं शालिनी शर्मा ने संयुक्त रूप से पुष्पगुच्छ भेंटकर प्राचार्य को विद्यालय परिवार की ओर से बधाई दी. प्राचार्य डॉ. गंगवार ने इसे सभी शिक्षकों, विद्यार्थियों, अभिभावकों एवं विद्यालय परिवार के सभी सदस्यों के समेकित सहयोग का सुखद परिणाम बताया. विदित हो कि डॉ. गंगवार हाल ही में नॉर्वे की संसद में सम्मानित किए गए थे. इसके पूर्व दुबई, मॉरीशस, श्रीलंका, थाईलैंड और बांग्लादेश सहित अन्य जगहों पर भी आयोजित विभिन्न विश्वस्तरीय मंचों पर सम्मानित किए जा चुके हैं.

### शिक्षिका डा. आशा रानी को मिलेगा राष्ट्रीय शिक्षक पुरस्कार

बता दें कि राष्ट्रीय शिक्षक पुरस्कार के लिए बोकारो के तीन शिक्षकों का चयन जिला स्तर पर किया गया था. चयनित तीन शिक्षकों का नाम राज्य स्तर पर चयन के लिए गया था, उनमें से प्लस टू हाई स्कूल चंदनकियारी की शिक्षिका डॉ आशा रानी का चयन किया गया.

## सुभदर्शनी पारी महिला को बना रही मजबूत



**संवाददाता। रानीगंज**

मारवाड़ी युवा मंच की महिला विंग देवी शक्ति की ओर से रानीगंज के बांसड़ा स्क्वायर स्थित सुभदर्शनी हॉस्पिटल की मैनेजिंग डायरेक्टर श्रीमती सुभदर्शनी पारी को पुष्प एवं उत्तरीय पहनाकर सम्मानित किया गया। देवी शक्ति की अध्यक्ष स्वीटी लोहिया ने कहा कि एक महिला होकर इस अंचल में सबसे बड़ा अस्पताल का निर्माण करवाकर, जहां लोगों को बेहतर स्वास्थ्य सेवा प्रदान की जाएगी, वहीं महिला सशक्तिकरण को भी मजबूत बना रही हैं अस्पताल की मैनेजिंग डायरेक्टर। उन्होंने कहा कि इस अस्पताल की मैनेजिंग डायरेक्टर ने प्रमाणित कर दिया है कि महिलाएं भी हर क्षेत्र में कामयाब हैं और पुरुषों के साथ कंधे से कंधा मिलाकर चलती हैं। इस मौके पर देवी शक्ति की तरफ से दिप्ती श्रॉफ ने कहा कि शुभदर्शनी पारी हमारे प्रेरणा स्वरूप हैं, उन्हें देखकर हमें भी आगे बढ़ने की प्रेरणा मिलती है। इस मौके पर मारवाड़ी युवा मंच की तरफ से आयुष झुनझुनवाला, अध्यक्ष प्रतीक मोर, श्याम जलान, पी बजाज सहित कई सदस्यों ने भी अस्पताल के मैनेजर डायरेक्टर की प्रशंसा व्यक्त की और कहा कि कोयलांचल, शिल्पांचल ही नहीं, बांकुरा, पुरुलिया, बीरभूम जिले का सर्वश्रेष्ठ अस्पताल के रूप में लोग इस अस्पताल को पहचानेंगे।

## पशुओं पर हो रहे अत्याचार के खिलाफ पशु प्रेमी सड़कों पर उतरे



**संवाददाता। आसनसोल**

पश्चिम बंगाल में भगत सिंह मोड़ से चित्रा सिनेमा हॉल तक सैकड़ों पशु प्रेमियों ने एक विशाल रैली का आयोजन किया, जिसमें उन्होंने राज्य में हो रहे पशुओं पर अत्याचार के खिलाफ अपनी विरोध जतायी। उन्होंने कहा कि जिस देश में हाथी, कुत्ते और गाय जैसे कई जानवरों की पूजा होती है, आज उन जानवरों की जिंदगी खतरे में पड़ गई है, उन्हें खतरा किसी और से नहीं बल्कि उनसे है जो उनकी पूजा करते हैं। रैली का आयोजन करने वाली पशु प्रेमी लिपिका चकरवर्ती, तारा नाग, देब राज कर्मकार, सोरिस गोराई और चंदना मुखर्जी ने अपनी-अपनी बातें रखते हुए कहा कि कुछ दिनों पहले ही झाड़ग्राम में एक गर्भवती हाथिनी की बेरहमी से हत्या कर दी गई थी, आसनसोल के चेलीडंगाल में एक स्ट्रीट डॉग को एक व्यक्ति ने डंडे से पीट-पीट कर मौत के घाट उतार दिया, मोहिशीला में भी एक व्यक्ति ने एक स्ट्रीट डॉग पर जानलेवा हमला किया जिसमें कुत्ते का कमर टूट गया, इसके अलावा बराबनी में एक बारूद फैक्ट्री से निकल कर नुनिया नदी में बह रही केमिकल को पीने से इलाके के चार गाय मर गई, जिसका चिकित्सकों ने पोस्टमार्टम भी किया है, पर मामले को दबाने के लिए उच्च स्तरीय पैरवी की जा रही है, जिसके खिलाफ उन्होंने इस रैली का आयोजन किया है। उन्होंने लोगों को यह बताने के लिए कहा कि वह जागरूक हों और बेजुबानों को वह कष्ट न पहुंचाएं, उनका भी जीवन है, उनके भी बाल और बच्चे हैं, उनका भी एक परिवार एक समाज है, जिसमें वह रहते हैं, उन्हें भी वैसा ही दर्द होता है जैसा कि चोट खाने पर हमें होता है, उन्होंने कहा वह इस रैली के माध्यम से लोगों को पशुओं के प्रति प्रेम भावना बनाए रखने की अपील कर रहे हैं और यह अपील वह कुछ इसी तरीके से रैली का आयोजन कर हमेशा लोगों को यह बताने का प्रयास करेंगे तब तक जब तक लोग पशु अत्याचार के प्रति पूरी तरह जागरूक न हो जाएं।

### तृणमूल समर्थकों ने दुकानें खुलवाने का प्रयास किया

**बराकर।** बराकर बाजार के दुकानदारों ने भी इस बंदी का खुले मन से समर्थन किया और बराकर बाजार की दुकानें बंद रहीं। इस दौरान देखा गया कि एक तरफ जहां भाजपा सदस्यों ने सुबह-सुबह बाजार बंद करवाया, वहीं दूसरी तरफ तृणमूल सदस्य जबरन बंद की दुकानें खुलवाने के प्रयास में जोर-शोर से लगे रहे। तृणमूल समर्थक सड़कों पर उतरे और बेगुनिया बाजार के दुकानों में जाकर दुकानदारों से दुकान खोलने के लिए काफी दबाव बनाया। उन्होंने यहां तक दुकानदारों से कहा कि यह पश्चिम बंगाल है और यहां मुख्यमंत्री ने बंदी का विरोध किया है, सभी दुकानदारों को यही पश्चिम बंगाल में रहकर व्यवसाय करना है। इसके बाद भी दुकानदार बंद करने पर अडिग रहे। इस दौरान तृणमूल समर्थकों ने बराकर चैंबर ऑफ़ कॉमर्स के विरुद्ध तथा बराकर चेंबर ऑफ कॉमर्स के अध्यक्ष शिवकुमार अग्रवाल के विरुद्ध नारेबाजी भी की तथा कहा कि चेंबर ऑफ कॉमर्स का भाजपा के साथ दलाली नहीं चलेगी।

## पुरुलिया में बंगाल बंद का व्यापक असर, दुकानें बंद



**संवाददाता। पुरुलिया**

**पुरुलियाः** कोलकाता आरजी कर अस्पताल में हुए बलात्कार के दोषियों को सजा दिलाने और मंगलवार को नवान्न अभियान में छात्रों पर पुलिस की लाठीचार्ज के विरोध में भाजपा ने 12 घंटे के बंगाल बंद का आह्वान किया था। पुरुलिया जिले के हुडा ब्लॉक के लालपुर इलाके में बुधवार को बंद का व्यापक असर देखा गया।भाजपा नेता और कार्यकर्ता सुबह से ही सड़कों पर उतरे और शांतिपूर्ण जुलूस निकालकर मुख्यमंत्री ममता बनर्जी के इस्तीफे की मांग की। उन्होंने बलात्कारियों के लिए अनुकरणीय सजा की मांग की और दुकानदारों से दुकानें बंद करने का आह्वान किया। दुकानदारों ने स्वेच्छा से अपनी दुकानें बंद कर दीं। पुरुलिया जिला भाजपा सचिव अब्दुल अलीम अंसारी ने कहा कि हुडा ब्लॉक क्षेत्र में भाजपा के बांग्ला बंद का असर शत प्रतिशत पड़ा है।

## नियामतपुर में भाजपा-तृणमूल आमने-सामने नारेबाजी





बराकर बेगुनिया बाजार पूरी तरह से बंद रहा

**संवाददाता। बराकर**

नियामतपुर में भाजपा और तृणमूल कार्यकर्ताओं द्वारा बंद को सफल और असफल बनाने को लेकर दोनों ही दल सड़क पर उतर आए। इस दौरान हल्की झड़प भी हुई, लेकिन पुलिस द्वारा दोनों पक्षों को शांत करवाकर स्थिति सामान्य कर दी गई। प्रदेश भाजपा के आवाहन पर बुद्धवार की सुबह भाजपा कार्यकर्ता टिंकू बर्मा, कंचन सिंहा, झांटू सेन सहित कार्यकर्ताओं द्वारा सुबह सात बजे नियामतपुर कोयरी पारा के समीप सड़क जाम कर दी गई। वहीं, नियामतपुर पुलिस द्वारा भाजपा कार्यकर्ताओं को समझा-बुझाकर सड़क को जाम मुक्त किया गया। इसके बाद, भाजपा द्वारा एक रैली कर बाजार की दुकानें बंद करने के लिए निकले, उसी दौरान कुल्टी ब्लॉक तृणमूल कांग्रेस के कुल्टी ब्लॉक अध्यक्ष कंचन राय के नेतृत्व में कार्यकर्ताओं द्वारा भी बंद के विरोध में रैली निकाली गई। इससे दोनों दलों के कार्यकर्ता आपस में भिड़ गए और नारेबाजी शुरू हो गई। तभी कुल्टी पुलिस द्वारा दल-बल के साथ पहुंचकर दोनों पक्षों को शांत करवाया गया। इस बीच, नियामतपुर बाजार की सभी दुकानें सुबह 9 बजे खुल गईं और सामान्य दिन की तरफ माहौल दिखा। बस की परिसेवा थोड़ी कम दिखाई दी, लेकिन ऑटो-टोटी का परिचालन सामान्य रहा। तृणमूल ने इसे असफल करार दिया है। इस विषय पर कुल्टी ब्लॉक तृणमूल के युवा अध्यक्ष विमान दत्ता ने कहा कि भाजपा द्वारा अनैतिक बंद का विरोध किया जा रहा था, हम लोग आम आदमी के साथ उनके सहयोग के लिए सड़क पर उतरे और बंद का विरोध किया। वहीं, भाजपा नेता झांटू सेन ने कहा कि छात्रों पर हुए हमले के विरोध में भाजपा प्रदेश अध्यक्ष के पुकार पर हम लोग शांतिपूर्ण बंद कर रहे थे, तृणमूल के लोगों ने हमारे साथ धक्का-मुक्की की और पुलिस के साथ बलपूर्वक दुकानें खुलवाने का कार्य किया, जिसमें असफल साबित हुए।

### ईसीएल में उपस्थिति तथा उत्पादन सामान्य रही

**सांकतोड़िया :** भाजपा के 12 घण्टा व्यापी बंद का ईसीएल की उपस्थिति तथा उत्पादन पर कोई असर नहीं पड़ा। जानकारी देते हुए ईसीएल के सीएमडी के तकनीकी सचिव मदन मोहन कुमार ने कहा कि भाजपा के 12 घण्टा बंद का ईसीएल की कोलियरियों पर कोई प्रभाव नहीं पड़ा ।

### बेगुनिया बाजार पूरी तरह से बंद

भाजपा द्वारा बुलाए गए 12 घंटे के बंद के समर्थन में बराकर बेगुनिया बाजार पूरी तरह से बंद रहा। इस संबंध में बताया जाता है कि कोलकाता के आरजी कर अस्पताल में 36 घंटे मरीज की सेवा करने वाली मेडिकल कॉलेज की छात्रा के साथ बलात्कार कर उनकी हत्या बहुत ही बेहरमी से कर दी गई।

## ब्रीफ खबरें

### भाकपा माले से राजेश यादव ने दिया इस्तीफा

**गिरिडीह।** भाकपा माले के झारखंड राज्य कमिटी के सदस्य, गिरिडीह जिला कमिटी एवं जिला स्थाई कमिटी के सदस्य राजेश यादव ने पार्टी की प्राथमिक सदस्यता से इस्तीफा दे दिया है. साथ ही भाकपा माले के जन संगठन अखिल भारतीय किसान महासभा के झारखंड प्रदेश उपाध्यक्ष पद तथा राष्ट्रीय परिषद सदस्य से भी इस्तीफा दे दिया है.

### मृतक के परिजनों से मिले विधायक प्रतिनिधि

**गावां (गिरिडीह)।** विधायक प्रतिनिधि मुन्ना सिंह बुधवार को गावां प्रखंड के चेरवा गांव पहुंच कर डायरिया से मरे दासो महतो के परिजनों से मिले व आर्थिक सहयोग किया . उन्होंने कहा कि घटना की सूचना के बाद क्षेत्र के विधायक बाबुलाल मरांडी के द्वारा सहयोग राशि उपलब्ध कराई गई है. कहा कि भाजपा कार्यकर्ता मृतक के परिजनों के साथ हैं. हर संभव सहयोग किया जाएगा. मौके पर पूर्व मुखिया भीम रविदास, प्रसादी पंडित, मनोज यादव समेत कई लोग उपस्थित थे.

### एकता रैली को ले भाकपा माले की जीबी बैठक

**धनवार (गिरिडीह)।** मदरसा मोड ग्राम चुजंखो में 18 नंबर जिला परिषद क्षेत्र का जीबी बैठक बुधवार को संपन्न हुआ. बैठक की अध्यक्षता माले प्रखंड सचिव क्यूम अंसारी और संचालन गिरिडीह पंचायत के मुखिया बालमुकुंद यादव ने किया. इस बैठक में मुख्य रूप से धनवार विधानसभा के पूर्व विधायक राजकुमार यादव उपस्थित हुए. बैठक में निर्णय लिया गया कि धनबाद में 9 सितंबर 2024 को होने वाली एकता रैली में हजारों की संख्या में धनबाद प्रस्थान करेंगे और सभा को सफल बनाएंगे. इस बैठक में मुख्य रूप से यूनुस अंसारी, मोहम्मद मुमताज, प्रकाश यादव सहित सैकडों लोगों ने भाग लिया.

### छह नेताओं ने विस चुनाव लड़ने की जताई इच्छा

**डुमरी (गिरिडीह)।** कांग्रेस पार्टी द्वारा डुमरी विधानसभा क्षेत्र से चुनाव लड़ने के इच्छुक कार्यकर्ताओं से मांगें गए नाम के आलोक में बुधवार को पार्टी के जिलाध्यक्ष धनंजय सिंह को जिला उपाध्यक्ष महेश भगत, बीस सूत्री सदस्य सुखदेव सेठ, कांग्रेस प्रखड अध्यक्ष सह ओबीसी विभाग सोशल मीडिया जिला कोडिनेटर नागेश्वर मण्डल, पूर्व जिला सचिव मनोज जयसवाल, जिला अल्पसंख्यक मोर्चा उपाध्यक्ष इमरान अंसारी, युवा कांग्रेस जिला सचिव सरफराज अहमद (गुड्डू), युवा कांग्रेस प्रखड महासचिव सादिक अली ने आवेदन सौंपा.

### धरना के आठवें दिन वार्ता के लिए पहुंचे डीएसई

**डुमरी (गिरिडीह)।** अभिभावक एकता मंच डुमरी के तत्वावधान में बीते 21 अगस्त से डुमरी अनुमंडल कार्यालय प्रांगण में 3 सूत्री मांगों के समर्थन में अनिश्चितकालीन धरना बुधवार को 8वें दिन भी जारी रहा. अध्यक्षता मंच के प्रदेश अध्यक्ष रामेश्वर महतो ने किया. जबकि 8वें दिन के धरना में बुधन हांसदा के नेतृत्व में चपरखो से आये दर्जनों अभिभावक धरना में शामिल हुए. आठवें दिन डीएसई नयन कुमार, एलआरडीसी डुमरी जीतराय मुर्मू, बीईईओ जयकुमार तिवारी एवं रामाश्रय सिंह धरना दे रहे धरनार्थियों से वार्ता की लेकिन वार्ता विफल रहा.

### बेंगाबाद में मनसा देवी की पूजा का आयोजन

**बेंगाबाद।** बेंगाबाद प्रखंड क्षेत्र में विषहरी मां मनसा देवी की पूजा बड़े धूमधाम से मनाई जा रही है. क्षेत्र के विभिन्न गांवों में मंगलवार को मां मनसा की पूजा का आयोजन किया गया, जिसमें शोभायात्रा निकाली गई और गुनी ओझा लोगों ने विषधर सांपों को नचाने का कार्यक्रम प्रस्तुत किया. रात में अग्नि गोला मुंह में लेकर खेलने का कार्यक्रम भी आयोजित किया गया, साथ ही लोगों ने पूरे रात भर विषहरी गीत गाकर मांदर के ताल पर थिरकते रहे. यह पूजा प्रत्येक वर्ष भादो महीने के सिंह नक्षत्र में की जाती है और पूरी सिंह लग्न में ही यह पूजा प्रखंड के विभिन्न क्षेत्रों के गांवों में बड़े धूमधाम से की जाती है. दूसरे दिन बकरा बलि देकर पूजा संपन्न की जाती है और सुबह यात्रा निकाल कर युवक डीजे के धुन पर थिरकते हैं.

# भारी बारिश से मकान गिरा, बाल-बाल बचा परिवार

संवाददाता। बिरनी (गिरिडीह)।



बिरनी प्रखंड के तुलसीटांड़ पंचायत अन्तर्गत तुलाडीह गांव में 27 अगस्त को सुबह 10 बजे भारी बारिश के कारण सहदेव तिवारी का मकान पूरी तरह से ढह गया. घटना उस समय हुई जब सहदेव तिवारी अपने दो बच्चों के साथ घर के अंदर मौजूद थे. अचानक आई इस प्राकृतिक आपदा ने पूरे परिवार को हैरान कर दिया. इस हादसे में सभी बाल-बाल बच गए. हालांकि, सहदेव तिवारी को सिर पर हल्की चोटें आई हैं, जबकि उनके बच्चे सुरक्षित हैं. सहदेव तिवारी ने बताया कि घटना के वक्त बारिश इतनी तेज थी कि कुछ ही पलों में मकान धराशायी हो गया. मलबे के नीचे से निकलने में वह और उनके बच्चे सफल रहे, जिससे उनकी जान बच गई. यह घटना दिन में करीब 10 बजे घटी, जब परिवार अपने रोजमर्रा के कामों में व्यस्त था. अचानक मकान गिरने से पूरे गांव में दहशत फैल गई और लोग सहदेव तिवारी के परिवार की मदद के लिए दौड़े. इस हादसे के बाद सहदेव तिवारी ने प्रशासन से मदद की गुहार लगाई है. उन्होंने कहा कि मेरे घर के गिरने से अब हमारे पास रहने का कोई ठिकाना नहीं बचा है. हम खुले आसमान के नीचे आने वाली कठिनाइयों का सामना करने को मजबूर हैं. मुझे सरकार से आवास योजना के तहत जल्द से जल्द एक घर चाहिए ताकि मेरे परिवार को सुरक्षित ठिकाना मिल सके. तिवारी ने यह बताया कि इस बार की बारिश ने इसे पूरी तरह से बर्बाद कर दिया. घटना से आसपास के ग्रामीणों में भी चिंता का माहौल है. लोग सहदेव तिवारी के परिवार की मदद के लिए आगे आए हैं, लेकिन स्थायी समाधान के लिए सरकारी सहायता की आवश्यकता है.

### मिट्टी का घर गिरने से आदिवासी परिवार बेघर



**गांडेय (गिरिडीह)।** गांडेय प्रखंड के बरमसिया पंचायत के गोंदलीटांड़ निवासी हाकिम टुडू अपने खपरेल घर में मंगलवार शाम अपने पूरे परिवार के साथ घर पर ही थे, तभी उन्हें घर की दीवार टूटने की आवाज सुनाई दी. आनन फानन में घर में मौजूद सभी सदस्य बाहर निकले. बाहर निकलते ही घर का खपरैल धंसकर नीचे आ गिरा. घर में मौजूद सभी सदस्य बाल-बाल बचे, लेकिन घर में रखे सारा सामान सहित अनाज पूरी तरह से क्षति हो गया . हो हल्ला होने पर ग्रामीण एकत्रित होकर घर में रखे सामग्रियों को बाहर निकाला. घर गिरने से हकीम टुडू के परिवार सहमे और डरे हुए हैं. इधर हाकिम टुडू की पत्नी पानपति कुमारी ने सरकार से मदद की गुहार लगाई है और हुए नुकसान का मुआवजा की मांग की है.

### दो दिव्यांग छात्रों को साइकिल व व्हील चेयर

**बोकारो।** रोटरी क्लब ऑफ बोकारो मिडटाउन कपल्स ने दो दिव्यांग छात्रों को एक साइकिल और एक व्हील चेयर दिया. साईकिल माराफारी में रहने वाले और आशा लता विकलांग केन्द्र में पढने वाले रुद्र प्रताप को दिया गया, जो की मुक बधिर हैं. कैम्प वन माराफारी में रहने वाले बीए पार्ट के छात्र रोहन सिंह को आने जाने की सुविधा के लिए व्हील चेयर भेंट की गयी. क्लब के अध्यक्ष रंजन गुप्ता ने बताया कि उनकी संस्था पहले भी दिवयांग बच्चों को व्हील चेयर और साइकिल बाँट चुकी है. क्लब के सचिव पुनीत जोहर ने बताया कि उनका क्लब इस वर्ष छह और लोगों को वहील चेयर बाँटने वाला है. रोटरी क्लब के सदस्य शिव अग्रवाल, अनूप अग्रवाल, मोहित अग्रवाल, साजन कपूर इस कार्यक्रम में शामिल हुए.

### भारी मात्रा में अंग्रेजी व देशी शराब जब्त, एक गिरफ्तार

**गावां (गिरिडीह)।** गावां थाना पुलिस ने मंझने गांव में छापेमारी कर देशी व अंग्रेजी शराब को जब्त किया है. गुप्त सूचना के आधार पर उक्त गांव के बिक्की साव, पिता राजेश साव के घर में छापेमारी कर शराब को बरामद किया गया. इस दौरान उसके घर से रॉयल स्टेज 375 एमएल का 23 पीस, स्टर्लिंग रिज़र्व 375 एमएल 22 पीस, इम्पेर्रियल ब्लू 375 एमएल का 26 पीस, किंग फिशर कैन बियर 500 एमएल 22 पीस, बेड मंकी केन बियर 500 एमएल 10 पीस, किंग फिशर बियर बोतल 650 एमएल का 3 पीस जब्त किया गया. इसके अलावे एक गेलन 40 लीटर महुआ दारू को भी जब्त किया गया है. थाना प्रभारी महेश चंद्र ने कहा कि मामले में मंझने निवासी राजेश साव को गिरफ्तार कर लिया गया है.

### विधायक ने किया चहारदिवारी व गैलरी निर्माण का शिलान्यास

**कथारा।** राजेंद्र उच्च विद्यालय जारंगडीह में चहारदिवारी एवं गैलरी निर्माण सहित मैदान का समतलीकरण कार्य का शिलान्यास बेरमो विधायक कुमार जयमंगल सिंह ने अपने हाथों विधिवत रूप से किया. उक्त कार्य बेरमो विधायक कुमार जयमंगल सिंह की अनुशंसा पर डीएमएफटी फंड से स्वीकृति हुई है. कार्यक्रम में राजेंद्र उच्च विद्यालय के प्रधानाध्यापक संजय कुमार मौजूद थे. जिन्होंने बेरमो विधायक का भव्य स्वागत किया. वहीं बेरमो विधायक कुमार जयमंगल सिंह ने विद्यालय की मौजूदा स्थिति और पठन पाठन से सम्बंधित पूर्ण जानकारी प्राप्त किए.उन्होंने कहा कि बेरमो विधानसभा क्षेत्र में क्षेत्र वासियों की हितों को ध्यान रख लगातार विकास योजानाओं को प्राथमिकता के साथ किया जा रहा है, जो विकास कार्य निरंतर चलता रहेगा. मौके पर जारंगडीह उत्तरी पंचायत के पूर्व मुखिया मो इम्तियाज अंसारी, पंचायत समिति सदस्य अरूणा कुमारी, कांग्रेस पार्टी के कार्यकर्ता सहित संवेदक मौजूद थे.

### खरीफ कार्यशाला में किसानों को किया गया जागरूक

**साहिबगंज।** साहिबगंज जिले के बोरियो प्रखंड कार्यालय सभागार में बुधवार को खरीफ फसल पर कार्यशाला का आयोजन किया गया. कार्यशाला की अध्यक्षता सीओ विजय हेमराज खलको ने की. जिला उप परियोजना निदेशक मंटू कुमार ने कृषक मित्र व किसानों को केंद्र व राज्य सरकार योजनाओं के बारे में विस्तार से जानकारी दी. उन्हें बिरसा प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना, किसान समृद्धि योजन, बिरसा प्रधानमंत्री सम्मान निधि योजना, बीमा योजना आदि का लाभ लेने के लिए प्रेरित किया. कार्यशाल में बीज विनिमय योजना (खरीफ), एग्री स्मार्ट योजना, झारखंड मिलेट मिशन योजना, प्रधानमंत्री कृषि सिंचाई (पीडीएमसी) योजना, झारखंड कृषि ऋण माफी योजना, जिला उद्यान विकास व राज्य बागवानी मिशन योजना की जानकारी दी गई. बताया गया कि बिरसा प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना का लाभ लेने के लिए किसानों को आधार कार्ड, बैंक खाता पासबुक, भूमि स्वामित्व का प्रमाणपत्र, बटाईदार प्रमाणपत्र, मोबाइल नंबर देना होगा. मौके पर प्रखंड प्रमुख शांति बास्की, बीटीएम राजदेव सिंह, जेई राम कुमार, कृषि पदाधिकारी जोसेफ टुडू, वीएलडब्ल्यू, ब्लॉक कॉर्डिनेटर कृष्ण कुमार डे सहित बड़ी संख्या में कृषक मित्र व किसान मौजूद थे.

### मटका फोड़ प्रतियोगिता आयोजित, दर्शकों की लगी भीड़

**बेंगाबाद (गिरिडीह)।** कृष्ण जन्माष्टमी महापर्व के बाद जन्म उत्सव मनाने के दूसरे दिन मंगलवार को देर शाम में मंदिर निर्माण समिति मानजोरी, हड़ोडीह, चकरदाहा के द्वारा मटका फोड़ कार्यक्रम का आयोजन किया गया. इस अवसर पर लोगों की भीड़ उमड़ पड़ी थी. कई लोगों ने बारी-बारी से मटका फोडने का प्रयास किया. बाद में मानजोरी निवासी रामचंद्र साह ने मटका फोड़ने में सफल हुए. मटका फोड़ने के बाद मंदिर निर्माण समिति ने उसे अंग वस्त्र देकर सम्मानित किया. मौके पर मंदिर निर्माण समिति के अध्यक्ष दिवाकर पाठक, दामोदर पंडित, हरि वर्मा, दीपक कुमार पाठक, आस्तिक वर्मा, रत्नेश्वरी वर्मा, सालिक पंडित, दीपक पंडित, प्रदीप राम समेत सैकड़ों ग्रामीण उपस्थित थे.

### बीडीओ ने दी आपकी सरकार, आपके द्वार अभियान की जानकारी

**गावां (गिरिडीह)।** गावां प्रखंड के सभी पंचायतों में 30 अगस्त से 15 सितंबर तक आपकी योजना, आपकी सरकार आपके द्वार शिविर लगाया जाएगा. इसे लेकर बुधवार को गावां प्रखंड सभागार में बैठक हुई. बैठक में प्रखंड विकास पदाधिकारी ने विभिन्न विभागों के अधिकारियों के अलावे सभी पंचायत के पंचायत प्रतिनिधि को इसकी जानकारी दी. बीडीओ महेंद्र रविदास ने कहा कि 30 अगस्त से शुरू हो रहे आपकी योजना, आपकी सरकार, आपके द्वार अभियान को सफल बनाने में सभी को जुट जाना है. बैठक में डॉ हब्बीउल्लाह खान, प्रदीप राम, संजय कुमार, मुकेश कुमार, विजय चौधरी, विकास कुमार, कार्तिक विश्वकर्मा, अनिल कुमार, गंगाधर पांडेय समेत सभी विभाग के कर्मी मौजूद थे.

### पंचायत समिति सदस्यों की अनिश्चितकालीन भूख हड़ताल शुरू

**पीरटांड (गिरिडीह)।** पीरटांड प्रखंड मुख्यालय परिसर में बुधवार को पंचायत समिति सदस्यों का अनिश्चितकालीन भूख हड़ताल प्रदर्शन शुरू हो गया. पूर्व से निर्धारित समय के मुताबित प्रखंड मुख्यालय के प्रवेश द्वार के सामने पीरटांड़ बीडीओ के खिलाफ जमकर नारेबाजी की गई. धरना प्रदर्शन के पहले दिन पंसस योगेंद्र तिवारी, केशव पाठक, जागो रजक, नवीन सिंह, जीवलाल पंड़ित आदि उपस्थित थे. इस बाबत पंचायत समिति सदस्य केशव पाठक ने कहा कि पीरटांड़ बीडीओ का अविलम्ब तबादला किया जाय. प्रखंड में बीडीओ की मनमानी नहीं चलने दिया जाएगा. बीडीओ द्वारा स्थानीय जनप्रतिनिधियों को सम्मान नहीं दिया जाता है. जनप्रतिनिधियों से तानाशाही से बात की जाती है. समय पर मासिक बैठक भी नहीं की जाती है.

### राजदेव बने झारखंड सांस्कृतिक मंच के केन्द्रीय अध्यक्ष

**बोकारो।** झारखण्ड सांस्कृतिक मंच (बोकारो) के प्रधान कार्यालय (राजेन्द्र स्मृति भवन) धर्मशाला मोड़ चास में मंच का बैठक मंच के कार्यकारी अध्यक्ष विक्रम महतो की अध्यक्षता में हुई. झारखण्ड सांस्कृतिक मंच का केंद्रीय समिति का पुनर्गठन सर्वसम्मति से एवं विधिवत रूप से किया गया. जिसमें केंद्रीय अध्यक्ष राजदेव माहथा, केंद्रीय महाचिव संतोष कुमार सिंह, कार्यकारी अध्यक्ष विक्रम कुमार महतो, वरीय उपाध्यक्ष हाबूलाल गोराईं, प्रवक्ता सह सोशल मीडिया प्रभारी खगेन्द्र नाथ वर्मा को बनाया गया.

### कुड़को में सड़क की हालत जर्जर, राहगीर परेशान

**पीरटांड (गिरिडीह)।** पीरटांड प्रखण्ड के कुड़को पंचायत में सड़क की हालत बद से बत्तर है. उक्त बात को लेकर भाजपा नेता सुरेश साव ने बुधवार को प्रेस विज्ञप्ति जारी कर कहा कि गिरिडीह में विकास की पोल खुल रही है. सड़क में जगह-जगह जानलेवा गड्ढे हो गए हैं. गड्ढे में पानी जमाव रहता है, जिसके कारण इस रास्ते से आवागमन करने वाले लोगों को परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है. सड़क पूरी तरह से जर्जर हो गयी है. ग्रामीणों को पैदल चलने में भी काफी परेशानियां हो रही है. बाइक, टेम्पो, छोटे वाहन चालकों को जान जोखिम में डाल कर गड्ढे पार करना पड़ता है, कई टेंपो चालक यहां गिरकर दुर्घटना के शिकार हो गए हैं . गड्ढों की वज़ह से वाहन पलटने का डर बना रहता है. सुरेश साव ने कहा कि स्थानीय विधायक सुदिव्य कुमार सोनू ने लगभग पांच साल में जो विकास किया है यह उसका एक छोटा सा उदाहरण है. उन्होंने स्पष्ट कहा कि एक तरफ हेमन्त सरकार पूरे झारखंड में विकास का ढिंढोरा पीट रही है. वहीं इस महत्वपूर्ण सड़क की तरफ ना यहां के विधायक और ना ही यहाँ के शासन, प्रशासन का ध्यान है.

### सतर्कता जागरुकता अभियान को लेकर निबंध प्रतियोगिता

**कथारा।** कथारा क्षेत्र के राजेंद्र हाई स्कूल में सतर्कता जागरुकता अभियान के अंतर्गत बुधवार को निबंध प्रतियोगिता का आयोजन किया गया. इस प्रतियोगिता का उद्देश्य छात्रों के बीच भ्रष्टाचार के खिलाफ जागरुकता फैलाना और ईमानदारी के मूल्यों को प्रोत्साहित करना था. निबंध लेखन के लिए तीन विषय दिए गए थे , जिन विषयों में भ्रष्टाचार हमारे समाज की सबसे बड़ी चुनौती तथा ईमानदारी व्यक्तित्व की सबसे बड़ी संपत्ति और युवा पीढ़ी का भ्रष्टाचार के खिलाफ योगदान शामिल थे. छात्रों को इन तीनों विषयों में से किसी एक विषय पर निबंध लिखने का विकल्प दिया गया. प्रतियोगिता में कुल 120 छात्रों ने भाग लिया, जिसमें लड़के और लड़कियां दोनों शामिल थे. कार्यक्रम की सफलता में कमल किशोर गुप्ता, संजय कुमार सिंह, प्रधानाचार्य, राजेंद्र हाई स्कूल का महत्वपूर्ण योगदान रहा. सबा मकदूम, अमित टोप्पो और विक्रम कुमार ने आयोजन में विशेष सहायता प्रदान की. इस आयोजन के दौरान छात्रों को निबंध लेखन के लिए आवश्यक दिशा निर्देश दिए गए.

# महिला की गला रेतकर हत्या पति पर लगा हत्या का आरोप

## घटना के विरोध में उग्र लोगों ने किया तीन घंटे तक सड़क जाम

संवाददाता। तिसरी (गिरिडीह)



गिरिडीह जिले के हिरोडीह थाना इलाके में मंगलवार की रात एक महिला की गला रेतकर हत्या कर शव को फेंक देने की वारदात सामने आई है. घटना थाना क्षेत्र के बैरिया गांव की है, मृतका बैरिया के दीवानटोला निवासी 22 वर्षीय रिंकू देवी है.

वहीं लोगों द्वारा हत्या का आरोप उसके ही पति अनिल यादव पर लगाया जा रहा है. बुधवार की सुबह चरवाहों ने खेत किनारे झाड़ियों में फेंके गए शव को देखा. जिसके बाद हो-हल्ला करने पर भारी संख्या में लोग जुटे और शव की पहचान गांव की ही 22 वर्षीय रिंकू देवी के रूप में की गई. घटना से आक्रोशित लोगों ने मंडरो-तिसरी मुख्य सड़क जाम कर दिया. जिसके बाद हिरोडीह पुलिस, तिसरी पुलिस और देवरी पुलिस मौके पर पहुंची, लेकिन लोगों ने पुलिस को शव ले जाने से रोक दिया.

जिसके बाद पुलिस द्वारा लोगों को घंटो तक समझाने और हत्यारे की जल्द गिरफ्तारी के आश्वासन के बाद लोग माने और शव ले जाने दिया. लगभग 3 घंटे के बाद सड़क जाम हटाया गया. मिली जानकरी के अनुसार बैरिया के दीवानटोला की रहने वाली रिंकू देवी का विवाह 3 वर्ष पूर्व टंगपजवा के रहने वाले अनिल यादव से हुआ था. उसका 2 वर्ष का बच्चा भी था.

**मामला हीरोडीह थाना क्षेत्र के बैरिया गांव का**

बताया जाता है कि विवाह के बाद से ही पति-पत्नी में हमेशा विवाद होते रहता था . पति अनिल यादव हैदराबाद में काम करता था . अपनी पत्नी से मिलने मंगलवार को वह अपने ससुराल दीवानटोला पहुंचा था. अगली सुबह उसकी पत्नी रिंकू देवी का शव झाड़ियों में मिला. वहीं उसका पति अनिल यादव फरार बताया जा रहा है. फिलहाल पुलिस मामले की पड़ताल में जुटी है, पुलिसिया जांच में ही सारी चीजें स्पष्ट हो पाएगी.

### व्याप्त भ्रष्टाचार के खिलाफ आजसू करेगा आंदोलन

**जमुआ (गिरिडीह)।** आजसू प्रखंड कमिटी कार्यकारिणी की बैठक बुधवार को कार्यालय जमुआ में हुई . बैठक में जमुआ सीओ सह प्रभारी सीडीपीओ के काले कारनामों के खिलाफ आंदोलन की रणनीति बनाई गई. बैठक में आजसू के जिला कार्यकारी अध्यक्ष शंकर यादव ने कही. कहा कि सीओ जमुआ संजय पाण्डेय द्वारा भ्रष्टाचार की सारी हदें पार कर दी गई है. बिचौलिए के माध्यम से लेनदेन का काम होता है. कहा जिस जमीन की रसीद नहीं कटनी चाहिए, उसकी भी लेनदेन कर रसीद काट दी गयी है. सहायिका, सेविका के चयन में भी लेनदेन कर चयन किया गया है. आजसू पार्टी के पास इस तरह के कई साक्ष्य हैं. कहा कि वर्तमान सीओ संजय पांडेय एवं उनके कंप्यूटर ऑपरेटर सुनील वर्मा के काले करतूतों की पोल 1 सितम्बर को जनता के बीच खोली जाएगी. आजसू की बैठक में जिला कार्यकारी अध्यक्ष शंकर यादव, कार्यकारी प्रखंड अध्यक्ष पप्पू खान, सुलेमान अंसारी, खोसी दास, दिल मुहम्मद, इफ्तेखार अंसारी, रंजीत शर्मा, नरेश यादव, सुजीत सिंह, भोला राम सहित कई कार्यकर्ता उपस्थित थे.

# तमिलनाडु में बंधक बनाए गए 11 मजदूर हुए मुक्त

## धनबाद रेलवे स्टेशन पर हुआ स्वागत, दुमका रवाना



संवाददाता। धनबाद

तमिलनाडु में बंधक बनाए गए दुमका जिले के रामगढ़ प्रखंड के 11 मजदूरों को सोमवार को रिहा कर दिया गया. बुधवार की सुबह सभी मजदूर एलेप्पी ट्रेन से धनबाद स्टेशन पहुंचे. स्टेशन पर इम मजदूरों का स्वागत किया गया. इसके बाद सभी दुमका के लिए रवाना हो गए.

इन मजदूरों को मुक्त कराने में दुमका पुलिस, श्रम- विभाग और तमिलनाडु के एक एनजीओ का भरपूर सहयोग रहा. कुछ दिनों पहले ये 11 मजदूर रामगढ़ प्रखंड के अमड़ापहाड़ी से तामिलनाडु गए थे. वहां जाने पर सभी को बंधक बना लिया गया. रिहाई के बदले परिवार वालों से फिरौती की मांग की गई. दो परिवार ने पच्चीस-पच्चीस हजार रुपए भी भेज दिए. रविवार की शाम इन मजदूरों के परिवार ने एसपी पीतांबर सिंह खैरवार से मुलाकात कर घटनाक्रम की जानकारी दी. जिसके बाद दुमका पुलिस और श्रम विभाग के सहयोग से मजदूरों को बंधन मुक्त कराने की कवायद शुरू हुई. सोमवार को सभी को रिहा कर दिया गया.

# एथलीट टूर्नामेंट में संत ज़ेवियर के बच्चे नेशनल के लिए चयनित

संवाददाता। बोकारो



संत जेवियर स्कूल डोरंडा, रांची द्वारा सीआईएससीई क्षेत्रीय एथलीट टूर्नामेंट का आयोजन 22 से 24 अगस्त को रांची में किया गया. इस एथलीट टूर्नामेंट में कुल 6 क्षेत्र ने भाग लिया . जिसमें रांची, जमशेदपुर, धनबाद, बोकारो, पटना, भागलपुर और देवघर के छात्र शामिल थे. इस टूर्नामेंट में संत जेवियर बोकारो के विद्यार्थियों ने भी धनबाद और बोकारो क्षेत्र का प्रतिनिधित्व किया. जिसमें आयुष राज ने शॉट पुट में पहला एवं जैवलिन में तीसरा स्थान प्राप्त किया. शाश्वत प्रीतम ने 400 मीटर में पहला एवं 200 मीटर में तीसरा स्थान प्राप्त किया. आदित्य राज ने हाई जंप में पहला स्थान प्राप्त किया. राज भटाचार्जी ने डिसकस में पहला स्थान एवं शॉट पुट में दूसरा स्थान प्राप्त किया. अनंत सागर ने 800 मीटर में दूसरा एवं 1500 मीटर में तीसरा स्थान प्राप्त किया. प्रज्ञा मिश्रा ने डिसकस एवं जैवलिन दोनों में दूसरा स्थान प्राप्त किया. अनुष्का खजूर, एहसान अंसारी, दीपा कुमारी, नयन राज अपने-अपने इवेंट में तीसरा स्थान अपने नाम किया. इस एथलीट टूर्नामेंट द्वारा विद्यार्थियों ने खूब लगन एवं मेहनत से अपने इवेंट को खेला तथा उसमें स्थान प्राप्त किया.

टूर्नामेंट के दौरान सेंट जेवियर्स विद्यालय के आयुष राज, शाश्वत प्रीतम, आदित्य राज, अनंत सागर, राज भट्टाचार्जी, प्रज्ञा मिश्रा और गरिमा श्रेष्ठ का चयन नेशनल्स के लिए भी हुआ. सेंट जेवियर्स विद्यालय के प्रधानाचार्य फादर अरुण मिंज, एस.जे. ने सभी को बधाई देते हुए उनका मनोबल बढ़ाया और कहा कि खेल ताजगी के साथ-साथ मन व शरीर को एक नई ऊर्जा प्रदान करता है, हमें आगे बढ़ने को प्रेरित करता है.

# बोकारो जिले में 14826 नये मतदाताओं का नाम जुड़ा

## मतदाता सूची ने 11374 मतदाताओं का नाम विलोपित




संवाददाता। बोकारो

बोकारो जिले में द्वितीय विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण कार्यक्रम 2024 (एसएसआर 2024) के बाद मतदाता सूची का अंतिम प्रकाशन हो गया है. इस दौरान 14826 नये मतदाताओं का नाम मतदाता सूची में जोड़ा गया है, जबकि 11374 मतदाताओं का नाम विलोपित किया गया है. जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह उपायुक्त विजया जाधव ने बताया कि 18 से 19 आयु वर्ग के कुल 7901 युवा मतदाताओं का नाम नये मतदाता के रूप में जोड़ा गया है. इसी अवधि में कुल 21758 मतदाताओं ने मतदाता सूची में अपनी प्रविष्टि में संशोधन कराया है. उन्होंने कहा कि मतदातागण अपने-अपने मतदान केन्द्रों, प्रखण्ड कार्यालय, पंचायत भवन, जिला निर्वाचन कार्यालय में अथवा वोटर हेल्पलाइन एप पर नये प्रकाशित मतदाता सूची में अपने नाम की जांच कर सकते हैं. उन्होंने सभी मतदाताओं से अपील की कि अपने अपने बूथ लेवल आफिसर से सम्पर्क कर वोटर हेल्पलाइन एप में अपना नाम मतदाता सूची में जाँच कर लेंगे और कोई संशोधन करना हो तो अपने बीएलओ या वोटर हेल्पलाइन एप द्वारा प्रपत्र 08 भरेंगे.

### खास बातें

- 7901 युवा मतदाताओं का नाम जुड़ा
- 21758 मतदाताओं ने संशोधन करवाया

### बीएलओ के बीच पहचान पत्र का वितरण

इस अवसर पर बूथ लेवल आफिसर (बीएलओ) के बीच डीईओ सह डीसी, एसपी, डीडीसी द्वारा मंत्रिमंडल निर्वाचन विभाग रांची झारखंड द्वारा उपलब्ध पहचान पत्र (आइडी कार्ड) को वितरित किया गया . पहचान पत्र पाने पर बीएलओ ने प्रसन्नता व्यक्त की . कहा कि परिचय पत्र नहीं होने से कार्य निष्पादन में परेशानी होती थी, अब आइडी होने से हाउस टू हाउस सर्वे और अन्य कार्यों में सहूलियत होगी .

### एक साथ उठीं दो अर्थियां माहौल गमगीन

**गावां (गिरिडीह)।** गावां प्रखंड स्थित पिहरा पूर्वी पंचायत के चौधरी टोला में लगातार हो रही वर्षा से दीवार के गिर जाने से मंगलवार की देर रात 60 वर्षीय महावीर चौधरी, पिता अमृत चौधरी की मौत हो गई. मलवे में दबने के बाद इलाज के लिए परिजन कोडरमा ले जा रहे थे लेकिन रास्ते में ही उसने दम तोड़ दिया. देर रात शव को गांव में लाया गया. उक्त व्यक्ति के शव को देखने के बाद 35 वर्षीय पड़ोसी युवक बिट्टू चौधरी, पिता कैला चौधरी ने भी दम तोड़ दिया. उक्त युवक ने शव को वाहन से उतार कर मृतक के घर पहुँचाया था. उसके बाद वह अपना घर चला गया था. घर जाने के बाद उसकी स्थिति बिगड़ गई व उसकी भी मौत हो गई. एक साथ दो लोगों के आकस्मिक मौत से गांव में मातम छा गया. घटना की सूचना पर पूर्व विधायक राजकुमार यादव दोनों मृतकों के घर पहुंच कर उन्होंने परिजनों को सांत्वना देते हुए दाह संस्कार हेतु आर्थिक सहयोग भी किया.

